RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 34 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 24 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बिंदु बन रहा यूपी : योगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी का सातवां स्थापना दिवस ऐसे समय में मनाया जा रहा है जब अयोध्या में 500 साल बाद भगवान राम अपने घर में विराजमान हो चुके हैं। प्रदेश के सामने अब पहचान का संकट नहीं है।

उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस 24 से 26 जनवरी तक पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुधवार को लखनऊ में समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्रबिंदु बन रहा है। प्रदेश दुनिया में विशेष स्थान बना रहा है।

उन्होंने कहा कि 1937 से 1950 तक उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था। 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के रूप में नोटिफिकेशन जारी हुआ। इसके बाद भी प्रदेश को प्रश्नवाचक के रूप में देखा जाता रहा। प्रदेश में सारी खूबियां (शेष पृष्ठ-3 पर)

### राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं



देश का सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश आज अपना 75वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस संदर्भ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश में सबसे अधिक आबादी वाला यह राज्य भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मैं उत्तर प्रदेश के कौशलयुक्त, परिश्रमी और निष्ठावान लोगों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना करती हूं। मुझे विश्वास है कि यह राज्य और यहां के निवासी सदा विकास के पथ पर अग्रसर रहेंगे।

पीएम मोदी ने लिखा- अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं. बीते सात वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है. मुझे विश्वास है कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश दिवस' पर प्रदेश के सभी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## तीन दिवसीय यूपी दिवस का हुआ आगाज





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-33ए स्थित, शिल्पहाट में आज तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का आगाज हुआ। इस मौके पर उप्र के लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री तथा जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर उप्र दिवस का विधिवत उदघाटन किया।

इस मौके पर खबर लिखे जाने तक नोएडा के विधायक पंकज सिंह, जेवर के विधायक ठा. धीरेन्द्र सिंह, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उप्र में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं। इतने कार्य आज तक किसी भी सरकार में नहीं हुए हैं। करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का प्रतीक राम मंदिर का निर्माण भी इसी सरकार में हुआ है। प्रदेश आज विकास के शिखर पर पहुंच चुका है।

यूपी दिवस की थीम उत्तर प्रदेश समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत रखी गई है। प्रभारी मंत्री ब्रजेश सिंह ने उदघाटन के बाद नोएडा के विकास की अब तक की यात्रा की लगाई गई गैलरी का भी अवलोकन किया।

इस मौके पर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, प्राधिकरण के अलावा विभिन्न जिलों के ओडी ओपी उत्पादों के भी स्टॉल लगाए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रामलला के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**दूसरे दिन भी सुबह से लगी है भीड़, प्रमुख सचिव डीजी मंदिर परिसर में मौजूद**



**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन आज भी राम भक्तों में रामलला के दर्शन के लिए भारी उत्साह है। मंगला आरती के साथ ही दर्शन निरंतर जारी हैं। मौके पर प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और स्थानीय अधिकारी मौजूद हैं।

दरअसल, प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन मंगलवार को भारी भीड़ के मंदिर परिसर में घुसने से अव्यवस्था फैल गई थी। मुख्यमंत्री के साथ मंदिर में हुई अफसरों की बैठक में यह मामला उठा। इसके बाद यह तय हुआ कि मंदिर के बाहर से लंबी लाइन लगाकर दर्शन कराए जाएंगे।

खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धैर्य के साथ दर्शन करने की अपील की। इसका असर बुधवार को दिखाई भी दिया। बुधवार को व्यवस्था के साथ दर्शन किए जा रहे हैं। हजारों लोगों के मंदिर परिसर में आ जाने के बाद भी दर्शन प्रक्रिया सुचारू रूप से बिना धक्के-मुक्के होती रही। लंबी-लंबी कतारें सुबह से ही दिखनी शुरू हो गईं।

आज वरिष्ठ अधिकारी गर्भ गृह में मौजूद हैं। सुबह से ही श्रद्धालु को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगाकर दर्शन कराया जा रहा है। श्रद्धालु जय श्रीराम का नारा लगा रहे हैं। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन श्री रामलला के दर्शन के लिए रामपथ पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अद्वितीय पक्षी अभ्यारण्य साबित होगा सूरजपुर वेटलैंड : मलिक



**नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर वेटलैंड बहुप्रतीक्षित प्रकृति और पक्षी महोत्सव की मेजबानी करने के लिए तैयार है। 27 जनवरी से 2 फरवरी तक होने वाला प्रकृति का यह उत्सव, प्रकृति प्रेमियों, पक्षी प्रेमियों और परिवारों के लिए एक आनंददायक साबित होगा। यह आह्वान किया उप्र के पर्यावरण वनजंतु उद्यान तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री केपी मलिक ने। वे आज ओखला बर्ड सेंचुरी में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

सूरजपुर वेटलैंड, 0.60 कि.मी. में फैला हुआ, एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र है जो विभिन्न प्रकार के पौधों और जानवरों के जीवन का समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय महत्व के रामसर वेटलैंड के रूप में नामित, सूरजपुर वेटलैंड निवासी और प्रवासी पक्षी प्रजातियों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण निवास स्थान है, जो इसे पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनाता है।

सूरजपुर की प्राकृतिक पृष्ठभूमि, गौतमबुद्धनगर में यमुना नदी बेसिन में बसा एक शहरी आर्द्रभूमि, स्पॉट-बिल्ड डक, लेसर-व्हिसलिंग डक, कॉटन पिग्मी गूज और कॉम्ब डक जैसे जलपक्षी के लिए एक महत्वपूर्ण प्रजनन स्थल (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एचसीएल साइक्लोथॉन के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ




**नोएडा (चेतना मंच)।** आज उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार द्वितीय ने बतौर मुख्य अतिथि सेक्टर-18 स्थित रेडिसन होटल में आयोजित कार्यक्रम में एचसीएल साइक्लोथॉन के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार द्वितीय ने शिरकत की। उन्होंने साइक्लोथॉन के आयोजन को लेकर पूरी जानकारी दी। गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह तथा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## केमिकल का ऑर्डर देकर दो महिलाओं ने लाखों ठगे

**नोएडा (चेतना मंच)।** कैंसर की दवाई में प्रयोग होने वाले केमिकल का ऑर्डर देकर दो महिलाओं ने एक व्यक्ति से लाखों रुपए ठग लिए। थाना सेक्टर-39 में दोनों महिलाओं के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-100 लोट्स बुलेवर्ड समिति निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह प्रज्ञान एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन कंपनी का प्रोपराइटर है। उसकी कंपनी एक्सपोर्ट इंपोर्ट का कार्य करती है। बीते दिनों उसके पास कस्तूरी पांडुरंगन नामक महिला का मेल आया उसने खुद को यूनिवर्सल हेल्थ केयर फार्मास्यूटिकल्स कंपनी की एजेंट बताया। कस्तूरी पांडुरंगा ने मेल के माध्यम से उसे कैंसर की दवाई में काम आने वाले केमिकल तसूस कस्पिडता एक्स्ट्रा सॉल्यूशन जेडपी की सप्लाई करने का ऑफर दिया। महिला ने बताया कि वह शर्मा इंटरप्राइजेज से युक्त केमिकल को खरीद कर उन्हें सप्लाई करें वह धनराशि उसके खाते में ट्रांसफर कर देंगे। कस्तूरी पांडुरंगा की बातों में आकर उसने शर्मा इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की एजेंट नीता भट्ट से केमिकल के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## क्राइम फाईल

### दो चोर दबोचे, चोरी के पाइप व वेल्डिंग सिलेंडर बरामद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के में एक बंद पड़ी कंपनी में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे दो चोरों को पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया। इनके पास से तमंचा, कारतूस, चोरी किए गए लोहे के पाइप, गैस वेल्डिंग सिलेंडर अन्य सामान बरामद हुआ है। थाना प्रभारी सरिता सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बंद पड़ी अर्थ कंपनी में दो चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो चोरों को दबोच लिया। दोनों गैस वेल्डिंग कटर की मदद से लोहे के पाइप को काट रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अशरफ पुत्र अब्दुल नबी व राशिद पुत्र नवाब निवासी ग्राम एमनाबाद बताया। तलाशी में इनके पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### पांच माह बाद ससुरालियों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर में एक महिला ने अपने चचिया ससुर व दो देवरों के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने करीब 5 माह बाद मारपीट के इस मुकदमे को दर्ज किया है। मूल रूप से अलीगढ़ के रहने वाली रुखसार हाल में हल्द्वानी गांव जलपुरा में रह रही है। रुखसार बीते 17 अगस्त को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमिक्रोन-3 में रहने वाले अपने चचिया ससुर फरियाद के यहां मिलने के लिए गई थी। इस दौरान फरियाद उसके बेटों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। रुखसार का आरोप है कि जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसके चचिया ससुर फरियाद व उनके बेटे इरशाद तथा शहजाद ने उसके साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह उसे आरोपियों के चंगुल से बचाया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### क्रिकेट के विवाद में मारपीट कर घायल किया

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बादलपुर क्षेत्र के बिसनोली गांव के क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट के विवाद में कुछ युवकों ने एक युवक की पिटाई कर दी। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। ग्राम बिसनोली निवासी दिनेश ने बताया कि उसका भाई प्रवीण बीते 21 जनवरी की दोपहर को क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट खेलने के लिए गया था। क्रिकेट खेलने के दौरान उसकी जितिन, गौरव पुत्र बबली से कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों के बीच बीच बचाव कर दिया। दिनेश का आरोप है कि क्रिकेट ग्राउंड से बाहर आते ही जितिन और गौरव ने उसके भाई के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मारपीट में प्रवीण को गंभीर चोटें आई हैं और उसका उपचार चल रहा है।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने एसीपी का किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने आज ग्रेटर नोएडा जोन के एसीपी द्वितीय रमेश चंद पांडे का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने उन्हें पगड़ी और माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पंडित पीतांबर शर्मा ने उन्हें पदभार संभालने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके क्षेत्र में सभी पीड़ितों को त्वरित न्याय मिलेगा।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा, प्रदेश महामंत्री परमानंद शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष उमेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, नगर महामंत्री रतनवीर शर्मा, नगर उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, नगर कोषाध्यक्ष विजय शर्मा, उमाशंकर शर्मा, रामानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पीएम की रैली से पश्चिमी यूपी में होगा चुनावी शंखनाद

**नोएडा से 61 बसों व 150 कारों से रैली में पहुंचेंगे कार्यकर्ता : मनोज गुप्ता**




**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा ज़िला कार्यालय सेक्टर 116 में भाजपा की ज़िला बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह और जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता रहे। आगामी 25 जनवरी को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के चलते ये समीक्षा बैठक हुई।

मंत्री बृजेश सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री की इस विशाल रैली के लिए प्रेरित किया और बताया कि ये रैली पक्षिम उत्तर प्रदेश की प्रथम रैली है। इस रैली के जरिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी शंखनाद फूंकेगी। हम सभी लोगों को इस रैली को सफल बनाना है।

मनोज गुप्ता ने बताया कि नोएडा महानगर से क़रीब 61 बस और 150 जायेंगी जिसमें हर मण्डल से सभी कार्यकर्ता बैठकर बुलन्दशहर जाएँगे। इसके साथ ही सभी ज़िला कार्यकारिणी और वरिष्ठ पदाधिकारी इस रैली को सफल बनाने के लिए पूरी ज़ोर शोर से तैयारी में लग गये हैं।

बैठक में क्षत्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष सुखविंदर सोम, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरजा सिंह, महेश अवाना, युद्धवीर चौहान, गिरीश कोटनाला, मंत्री एसपी चमोली, प्रमोद बेहाल, चमन आवाना, मनोज चौहान, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, कल्लू सिंह, लोकेश कश्यप, पंकज झा, निर्मल सिंह, रवि प्रधान, प्रदीप चौहान, सत्य नारायण महावर, उमेश यादव, शारदा चतुर्वेदी, ओमवीर अवाना, डॉ प्रसेनजित मैत्रा, राम निवास यादव, प्रवेश चौहान, अहसान, ख़ान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अर्थ पर निगाहें

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को पेश किए जाने वाले वर्ष-2024 के अंतरिम बजट की ओर लगी हुई है। वस्तुत: देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यत: अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है। लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोकलुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं। नि:संदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा का है। साथ ही आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि वर्ष-2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोकलुभावन बड़ी घोषणाएं की गई थीं और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपये के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्माननिधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूंकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई हैं, इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं। नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग को कुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है। नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपये से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहाँ विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती है, जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें। इन दिनों वेतनभोगी (सैलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत नई कर राहत मिल सकती है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि भुशुण्डिजी ने वह सब कथा कही जो हे भवानी! मैंने तुमसे कही। सारी रामकथा सुनकर गरुड़जी मन में बहुत उत्साहित (आनंदित) होकर वचन कहने लगे- ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**गयउ मोर संदेह सुनेउँ सकल रघुपति चरित।**
**भयउ राम पद नेह तव प्रसाद बायस तिलक॥**

श्री रघुनाथजी के सब चरित्र मैंने सुने, जिससे मेरा संदेह जाता रहा। हे काकशिरोमणि! आपके अनुग्रह से श्री रामजी के चरणों में मेरा प्रेम हो गया॥

**मोहि भयउ अति मोह प्रभु बंधन रन महुँ निरखि।**
**चिदानंद संदोह राम बिकल कारन कवन॥**

युद्ध में प्रभु का नागपाश से बंधन देखकर मुझे अत्यंत मोह हो गया था कि श्री रामजी तो सच्चिदानंदघन हैं, वे किस कारण व्याकुल हैं॥

**देखि चरित अति नर अनुसारी। भयउ हृदयँ मम संसय भारी॥**
**सोई भ्रम अब हित करि मैं माना। कीन्ह अनुग्रह कृपानिधाना॥**

बिलकुल ही लौकिक मनुष्यों का सा चरित्र देखकर मेरे हृदय में भारी संदेह हो गया। मैं अब उस भ्रम (संदेह) को अपने लिए हित करके समझता हूँ। कृपानिधान ने मुझ पर यह बड़ा अनुग्रह किया॥

**जो अति आतप ब्याकुल होई। तरु छाया सुख जानइ सोई॥**
**जौं नहिं होत मोह अति मोही। मिलतेउँ तात कवन बिधि तोही॥**

जो धूप से अत्यंत व्याकुल होता है, वही वृक्ष की छाया का सुख जानता है। हे तात! यदि मुझे अत्यंत मोह न होता तो मैं आपसे किस प्रकार मिलता?॥

**सुनतेउँ किमि हरि कथा सुहाई। अति बिचित्र बहु बिधि तुम्ह गाई॥**
**निगमागम पुरान मत एहा। कहहिं सिद्ध मुनि नहिं संदेहा॥**

और कैसे अत्यंत विचित्र यह सुंदर हरिकथा सुनता, जो आपने बहुत प्रकार से गाई है? वेद, शास्त्र और पुराणों का यही मत है, सिद्ध और मुनि भी यही कहते हैं, इसमें संदेह नहीं कि- ॥

क्रमशः

# हमारी विरासत को संजोता श्रीराम मंदिर

राम मंदिर से देश की राष्ट्रीय, सांस्कृतिक एकता और अखंडता सुदृढ़ होगी एवं समस्त विश्व में भारत विश्व बन्धुत्व का संदेश देगा और भारतीय जनमानस का आत्मबल बढ़ेगा।

राम मंदिर का निर्माण भारतीय संस्कृति के उत्थान में प्रमुख स्थान रखता है। हमारा देश सदियों से गुलामी की जंजीरों में न केवल जकड़ा रहा बल्कि विदेशी आक्रांताओं ने केवल भारत को लूटा अपितु उसकी संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने की भी कोशिश की। प्राचीन काल में मंदिरें केवल पूजा स्थल ही नहीं थे बल्कि गुरूकुल जैसा वातावरण रहता था। इन गुरुकुलों में शिष्य मंदिर की भूमि पर न केवल खेती करते बल्कि वहीं सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक सभी आयामों के कला कौशल का ज्ञान प्राप्त करते थे।




**राम मंदिर का निर्माण भारतीय संस्कृति के उत्थान में प्रमुख स्थान रखता है। हमारा देश सदियों से गुलामी की जंजीरों में न केवल जकड़ा रहा बल्कि विदेशी आक्रांताओं ने केवल भारत को लूटा अपितु उसकी संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने की भी कोशिश की।**

श्रीराम मंदिर नए भारत का प्रतीक होगा जो भारत को एक बार फिर विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता देगी। श्रीराम चंद्र की नगरी अयोध्या बाकी दुनिया के लिए प्रेरणा स्रोत होगी। श्रीराम मंदिर हिंदुओं की आस्था से जुड़ा मामला है। हम हिन्दुओं के श्रद्धेय भगवान श्रीराम मर्यादा पुरूषोत्तम थे, आज विश्व में शांति की स्थापना के लिये उसी मर्यादा की जरूरत है।

राम का चरित्र अनुकरणीय है और उनका जीवन ही विश्व का उत्थान कर सकता है। विश्व प्रसिद्ध तकनीक एवं अद्वितीय शैली से बने मंदिर को देखने के लिए देश विदेश से करोड़ों पर्यटक आएंगे। पर्यटकों के आने से शहर के धर्मशाला, होटल, रेस्टारेन्ट, परिवहन और कलाकृति प्रत्येक क्षेत्र का विकास होगा। यही नहीं आने वाले पर्यटक भी अयोध्या से लौटकर भी हमारी परम्परा व संस्कृति का गुणगान करेंगे।

प्रभु श्रीराम का जन्म अयोध्या में होना एक प्रतीक मात्र है। वह तो इस पूरी सृष्टि के आधार हैं। वह आदर्श पुरुष ही नहीं बल्कि मर्यादाओं को स्थापित करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हैं। वह एक आदर्श पुत्र और राजा भी हैं। इसलिए श्रीराम के रामराज्य को सभी लोग हर युग में आदर्श मानकर उसे स्थापित करने का प्रयास करते हैं। रामराज्य का अर्थ एक व्यक्ति का शासन नहीं बल्कि एक आदर्श शासन की स्थापना है, जिसमें राजा और प्रजा दोनों एक दूसरे के पूरक हों। राजा एक पिता की तरह अपनी प्रजा का पालन करें तो समस्त प्रजा सुख की अनुभूति करते हुए अपने पिता तुल्य राजा के प्रति समर्पित एवं विश्वास से परिपूर्ण हो।

श्री राम सारे विश्व के लिए हितकारी, कल्याणकारी और लाभदायक है। भगवान वाल्मीकि ने श्रीमद् वाल्मीकीय रामायण में भगवान रामचंद्र के अनेक गुणों का वर्णन करते हुए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम से सुशोभित किया है क्योंकि वह सहनशीलता, धैर्य, सहयोग, प्यार, क्षमा, वीरता के गुणों से संपन्न थे।

राम पूरी मानव जाति को प्रेरणा देने वाले आदर्श हैं और वह सृष्टि के प्राण हैं। सभी मापदंडों में आदर्श स्थापित करने के कारण ही अर्थव्यवस्था एवं राजनीति में राम राज्य की परिकल्पना की जाती है। भगवान राम भारतवर्ष की आत्मा हैं। उन्हें भारत से अलग नहीं रखा जा सकता। अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनना भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए भी आवश्यक है। मंदिर निर्माण हो रहा है तो धर्म की विजय पताका भी जोरों से फैल रही है। मंदिर निर्माण का उद्देश्य भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भगवान राम के आदर्शों से परिचित कराना भी है।

अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मंदिर सदियों तक पूरी मानव जाति को धर्म का आचरण करने को प्रेरित करता रहेगा। मानव जीवन के हर क्षेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम प्रेरणा स्त्रोत एवं आदर्श हैं। प्रभु श्रीराम लोगों के जीवन रूपी नइया को पाप रूपी अंधकार से धर्म रूपी उजाले की ओर ले जाते हैं। भगवान राम का जीवन हर युग में आदर्श एवं प्रासंगिक रहा है। उनके आदर्शों की प्रासंगिकता आज और भी अधिक बढ़ जाती है। उनके आदर्श हमारे जीवन पथ को प्रशस्त करते हैं। संसार का कोई भी प्रश्न ऐसा नहीं है जिसका व्यवहारिक आदर्श उत्तर राम ने अपने आचरण से नहीं दिया हो। उनके जीवन में संपूर्ण संसार समाया हुआ है। वह ऐसे अवतार हैं जिन्होंने अपनी वाणी से नहीं बल्कि आचरण से जीवन दर्शन को प्रस्तुत किया। असाधारण होकर भी अपने साधारण जीवन से पूरे संसार का नेतृत्व किया। भगवान राम भारतीय संस्कृति के ऐसे नायक है जिन्होंने समाज के सुख-दुख और उसकी रचना को बहुत नजदीक से देखा और समझा है। अयोध्या के राजकुमार और राजा से भी अधिक बड़ी भूमिका इस जननायक में दिखाई देती है। भगवान राम ने राष्ट्र के सोए हुए भाग्य को जगाने का काम किया।

श्री रामचंद्र जी ने अपने शासनकाल में लोगों को हर तरह की सुविधा मुहैया करने के लिए एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना की, जिसे सदियों से राम राज्य कहा गया है, जहां किसी भी तरह का भेदभाव और शोषण नहीं होता था। इसलिए समस्त भारत में बरसों से लोग राम लीलाएं बड़ी खुशी और श्रद्धा से करते आए हैं। प्रभु श्रीराम का आज्ञाकारी पुत्र के रूप में होना, भाइयों का आपसी प्यार, पत्नी का पति के प्रति पूर्ण समर्पण तथा स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के निर्माण का संदेश वर्तमान युग के लिए बड़ा महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

'राम' एक आदर्श पुरुष रूप में जन-जन में समाए हुए हैं। यही नहीं प्रभु श्रीराम हमारी सोच में बसे हुए हैं। भगवान राम ने अपने जीवन में किसी भी चीज का मोह नहीं रखा और त्याग को सर्वोपरि माना। भगवान राम ने राजपाट का ही नहीं, अपनी पत्नी प्रिय सीता का 'लोक-संग्रह' के लिए त्याग कर दिया। राम मंदिर भारतीय संस्कृति की समृद्ध परम्परा का प्रतीक है। राम की सुंदर छवि के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है।

**- प्रज्ञा पाण्डेय**

# गुणवत्तापरक शिक्षा की सख्त जरूरत

***इस समस्या के निदान के लिए केवल आधिकारिक या प्रशासनिक ही नहीं, सामाजिक चिंतन व चर्चा भी जरूरी है। दूसरी गंभीर समस्या भी इसी से जुड़ी है और वह है सरकारी तंत्र प्रदत्त शिक्षा की गुणवत्ता का अभाव। जब यह सार्वजनिक रूप से विदित हो जाए कि हमारे 8वीं, 9वीं कक्षा के नौनिहाल दूसरी कक्षा के हिंदी-अंग्रेजी के पाठ नहीं पढ़ पाते, जमा-गुणा, भाग के चौथी कक्षा के प्रश्न उनको समझ नहीं आते, नवीं, दसवीं के छात्र अंग्रेजी और हिंदी के मूल व्याकरण यानी इज, एम, आर का सही प्रयोग नहीं कर पाते, बीजगणित, ज्यामिती तो दूर की बात, वे गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में भी भेद करने में असमर्थ हैं, वह भी तब जब हम शिक्षा प्रसार, विस्तार और सुविधा सम्पन्न गुरुकुलों द्वारा, योग्य गुरुजनों के माध्यम से नौनिहालों को शिक्षा रूपी प्रसाद बांटने वालों की अग्रिम पंक्ति में खड़े होने का दावा ठोंक रहे हों, तो चिंतन जरूरी है।***



केरल के बाद देश में दूसरे स्थान पर साक्षरता दर, प्रति 1.5 किलोमीटर पर प्राथमिक विद्यालय, 70 लाख से कम आबादी पर 16 निजी व 4 सरकारी विश्वविद्यालय, एक केंद्रीय विश्वविद्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, डिजीटाइजेशन इन एजुकेशन के दावों से सरोबार, अपनी पीठ ठोंकने, कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजी जाने वाली हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत निश्चित रूप से चिंताजनक ही नहीं, भयावह है। केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वतंत्र एजेंसियों के रिपोर्ट प्रकाशन ने हमारी पोल पट्टी खोल कर रख दी है। हाल ही में प्रकाशित इस रिपोर्ट में जिन दो प्रमुख तथ्यों को उजागर किया गया है, उन पर चिंता, चर्चा और चिंतन तीनों करने की अविलंब आवश्यकता है। पहली मुफ्त वर्दी, बैग, पुस्तकें, साइकिल, पानी की बोतल, मिड डे मील, नाममात्र फीस, सुविधा सम्पन्न विद्यालयों, मोटी पगार, बिना किसी उत्तरदायित्व के नौकरी वाले शिक्षकों की लंबी-चौड़ी फौज, तीन-तीन निदेशालयों से सजी धजी प्रशासनिक व्यवस्था के बावजूद सरकारी स्कूलों में निरंतर घटती छात्रों की संख्या, इसके विपरीत कम तनख्वाह, काम के बोझ से लदे, बिना प्रशिक्षण, अल्पतम योग्यता वाले अध्यापकों से लैस, कुकुरमुत्तों की तरह फैली निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु मारामारी, वह भी मोटी फीस और अन्य कई शुल्क चुका कर अभिभावक यदि निजी शिक्षण संस्थाओं में नौनिहालों को भेजना पसंद कर रहे हैं और वहां के शिक्षा स्तर पर विश्वास कर रहे हैं तो निश्चित रूप से यह गंभीर विषय है।

इस समस्या के निदान हेतु केवल आधिकारिक या प्रशासनिक ही नहीं, सामाजिक चिंतन व चर्चा भी जरूरी है। दूसरी गंभीर समस्या भी इसी से जुड़ी है और वह है सरकारी तंत्र प्रदत्त शिक्षा की गुणवत्ता का अभाव। जब यह सार्वजनिक रूप से विदित हो जाए कि हमारे 8वीं, 9वीं कक्षा के नौनिहाल दूसरी कक्षा के हिंदी-अंग्रेजी के पाठ नहीं पढ़ पाते, जमा-गुणा, भाग के चौथी कक्षा के प्रश्न उनको समझ नहीं आते। नवीं, दसवीं के छात्र अंग्रेजी और हिंदी के मूल व्याकरण यानी इज, एम, आर का सही प्रयोग नहीं कर पाते, बीजगणित, ज्यामिती तो दूर की बात, वे गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में भी भेद करने में असमर्थ हैं। वह भी तब जब हम शिक्षा प्रसार, विस्तार और सुविधा सम्पन्न अति संवेदनशील, कारगर गुरुकुलों द्वारा, योग्य गुरुजनों के माध्यम से गिरिजन, गौजन, ग्रामजन स्थित नौनिहालों को शिक्षा रूपी प्रसाद बांटने वालों की अग्रिम पंक्ति में खड़े होने का दावा ठोंक कर पुरस्कारों की लंबी फेहरिस्त अपने पाले में होने से स्वयंभू जगद्गुरु होने तक का दम भर कर अपनी पीठ ठोंकने में व्यस्त हैं। बोर्ड परीक्षाओं में जीरो परिणाम देने वाले विद्यालयों की बढ़ती संख्या, राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं, जैसे जेईई व नीट आदि, में सफल होने वाले प्रादेशिक छात्रों की संख्या और नाम उंगलियों पर गिने जा सकते हैं, इस स्थिति को राष्ट्रहित, प्रदेशहित दोनों में बदलना अवश्यम्भावी है। गुणवत्तापरक शिक्षा न केवल देश-प्रदेश के विकास हित में जरूरी है, अपितु आगामी पीढ़ी के राष्ट्र निर्माण निमित भूमिका की मजबूरी भी है। प्रदेश के शिक्षा ढांचे के सुदृढ़ीकरण हेतु जहां पूर्ववर्ती सरकार के 'सबको शिक्षा घर पर' की जगह केवल सुयोग्य, सुपात्र को सुलभ उच्च शिक्षा, सबको आधारभूत शिक्षा, भले ही घर से दूर हो, मगर यदि शिक्षण संस्थान हो तो वहां भवन हो, संसाधन हों, अध्यापन व्यवस्था हो, सक्षम अध्यापक हों जो अध्ययन-अध्यापन के चाहवान हों। इस प्रदेश में रेवडियों की भांति बांटे और अपग्रेड किए जाने वाले स्कूलों की परंपरा पर लगाम लगाया जाना संसाधनों के अपव्यय को रोकने के लिए जरूरी और समाज हित की मजबूरी दोनों है।

ऐसे विद्यालयों की घोषणा या खोलना जहां अध्यापक न हों या न के बराबर हों, से जो परिणाम निकले वे हमारे सामने ही हैं। 8वीं के छात्र कक्षा 2 के पाठ भी नहीं पढ़ पाएं जिन स्कूलों में, उनका होना-न होना बराबर है। यदि हम यह चाहते हैं कि सरकारी स्कूलों में छात्र पढ़ें और अध्यापक पढ़ाएं, तो निश्चित रूप से इस क्षेत्र में पूर्णतः गुणवत्तापरक, बिना सिफारिश व भेदभाव के नियुक्तियां, योग्यता आधारित प्रशिक्षण, गैर शैक्षिक कार्यों से अध्यापकों की मुक्ति, सर्वगुणसम्पन्न, पारंगता के आधार पर प्रमोशन, प्रतिनियुक्ति पर प्रतिबंध, नए शिक्षण संस्थान खोलने के बजाय पहले वालों का सुदृढ़ीकरण आदि उपाय करने की आवश्यकता है। जब तक गुणवत्तापरक शिक्षा की व्यवस्था हम नहीं कर पाएंगे, तब तक किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति हम नहीं कर पाएंगे। यदि युवाओं को रोजगार दिलाना है, तो उन्हें प्रतिस्पर्धा का सामना करने के योग्य बनाना होगा। तभी वे कंपीटीशन का सामना कर पाएंगे। उनके ज्ञानवर्धन के लिए गुणावत्ता वाली शिक्षा चाहिए, न कि मात्रात्मक शिक्षा। उनमें गुणों का विकास तभी हो पाएगा।

**-डा. राकेश कपूर**
**शिक्षाविद**

# राशिफल

पौष शुक्ल- पूर्णिमा | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे, यात्रा में लाभ होगा, धार्मिक बने रहेंगे, स्वास्थ्य में थोड़ा सा सुधार, प्रेम संतान की स्थिति बेहतर है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**
चोट चपेट लग सकता है, किसी परेशानी में पड़ सकते हैं, थोड़ा बचकर पार करने की आवश्यकता है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य बहुत अच्छा हो गया है, प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी हो गई है, जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रु परास्त होंगे, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा, स्वास्थ्य नरम गरम, प्रेम संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम, व्यापार सही चलेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भावुक मन से कोई निर्णय मत लीजिएगा, विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा, स्वास्थ्य नरम गरम।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम, प्रेम संतान की स्थिति अच्छी, कुल मिलाकर अच्छा समय कहा जाएगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यवसायिक सफलता मिलेगी, अपनों का साथ होगा, स्वास्थ्य, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार अच्छा। पीली वस्तु का दान करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन का आगमन बढ़ेगा, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान मध्यम बना रहेगा, व्यापार आपका सही चलता रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, समाज में सराहे जाएंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान में सुधार हो चुका है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
मन खिन्न रहेगा, खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी, अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम, सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आर्थिक मामले सुधरेंगे, अच्छे समाचार की प्राप्ति होगी, मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य, प्रेम संतान, व्यापार अच्छा दिख रहा है। हरी वस्तु पास रखें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक सफलता मिलेगी। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। पैतृक संपत्ति में बढ़ोतरी होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार अच्छा दिख रहा है।

# भटठा पारसोल पहुंची 'भारत संकल्प यात्रा'



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कल दनकौर क्षेत्र के भट्ठा पारसोल गांव में पहुंची कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला के महामंत्री योगेश चौधरी रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा सरकार गरीब पिछले शोसित वंचित के लिए समर्पित सरकार है। उज्जवला आयुष्मान पेंशन प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में सस्ती दवाइयां मिलने से सब लोगो को लाभ मिल रहा है। हर घर नल योजना में गांव में नल लग रहे है और सरकारी योजना से शौचालय बन रहें है। ऐसे बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं सरकार ने चलाई है। मुद्रा योजना सुकन्या समृद्धि योजना आदि इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल मंडल अध्यक्ष हरदत शर्मा आलोक रंजन शैलेंद्र सिंहआदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। और विकसित भारत संकल्प यात्रा में दो बहनों की गोद भराई कार्यक्रम हुआ।

# प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा पर भंडारे का आयोजन



**दादरी ( चेतना मंच )।** गत 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दादरी में रामचरितमानस पाठ एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता, दादरी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती गीता पंडित, पूर्व नगर महामंत्री विशाल भारद्वाज एवं पूर्व नगर मंत्री भाजपा युवा मोर्चा ध्रुव पंडित सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा मिलन विहार कॉलोनी रेलवे रोड पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम सुबह से ही प्रारंभ हो गया था शाम को भंडारे का आयोजन किया गया।

# श्रम बन्धुओं की हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रम बंधु गौतम बुध नगर की मासिक बैठक कल उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर सूरजपुर ग्रेटर नोएडा सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में एडिशनल लेबर कमिश्नर सरजू राम ने पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों/ करवाई रिपोर्ट रखी। बैठक में ट्रेड यूनियनों प्रतिनिधियों ने मानीताऊ कम्पनी पर 04 जनवरी 2024 को मजदूर नेता सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा पर किए गए जानलेवा हमले के दोषी मैसर्स- मानिताऊ इक्यूपमेंट इण्डिया प्रा0लि0, प्लाट नं0-22 उधोग विहार, ग्रेटर नोएडा कम्पनी प्रबंधक व सहायक प्रबंधक, ठेकेदार, गुंडों एवं मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई एवं नियम कानूनों का उल्लंघन कर दिए गए ठेकेदारी के लाइसेंस को रद्द कर, ठेके में लगे सभी श्रमिकों को कंपनी के रोल पर करवाने की मांग पर जिला प्रशासन व श्रम विभाग द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं करने पर कड़ी नाराजगी वक्त की गई और कहा कि यदि उक्त घटना पर जिला प्रशासन में श्रम विभाग ठोस कार्रवाई करते हुए घटना के सभी दोषी व्यक्तियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाएगा तो 16 फरवरी को जनपद का चक्का जाम हड़ताल करेंगे।

# शिव शक्ति मंदिर में हवन व भंडारा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-62 स्थित रजत विहार शिव शक्ति मंदिर में अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य मे अखंड रामायण समापन के बाद हवन, आरती, महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन और शाम में निवासियों द्वारा शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्वलित किया गया। सभी निवासी ने इस भव्य कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

दीप प्रज्ज्वलित के बाद लोगों ने श्री राम के नारे लगाए और एक दूसरे को बाधाईया दी और मिठाई बांटी गई। भंडारा प्रसाद अयोजन किया गया। इस दौरान मन्दिर समिति के अध्यक्ष आरके पांडे, गोपाल शर्मा, अभय देव, एसएन मिश्रा और अन्य लोग मौजूद रहे।

# राम दरबार लगाकर मनाया श्री राम महोत्सव


**नोएडा ( चेतना मंच )।** अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर भव्य अभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा ग्राम सदरपुर सेक्टर 45 में भव्य श्री राम दरबार लगाया गया जिसमे सकड़ो राम भक्ति श्री राम भजनों पर झूमे और कार्यक्रम का आनंद लिया इसके अलावा संस्था के सदस्यों द्वारा 101किलो बूंदी प्रसाद वितरण व 501 दीपो से श्री राम लिखकर दीप प्रज्वलित भी किए गए।

संस्था के सदस्य निशु उपाध्याय ने बताया की आज से अत्यंत हर्ष का समय है जो की हमारे 550 वर्षो का सपना साकार हुआ, जिसकी तपस्या में न जाने हमारी कितनी पीढ़ीया निकल गई,न जाने कितने राम भक्तो को अपने जीवन की कुर्बानी देनी पड़ी आज जो हमारा यह सपना साकार हुआ है इसके लिए हम सभी मौजूदा सरकार का ह्रदय से आभार व्यक्त करते है। इस मौके पर दीपांशु शर्मा(संस्थापक), आर्यन शुक्ला, मनीष राणा, अक्कू, अनमोल सहगल, हैप्पी पण्डित, लोकेश सिंह, नरेश पंडित, हर्ष नंबरदार आदि उपस्थित रहे।



# प्रणीत भाटी को दी बधाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे एवं गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक बनाए जाने पर प्रणीत भाटी को कल उनके आवास पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के नेता कपिल गुर्जर ने गुलदस्ता देकर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता कपिल गुर्जर ने कहा कि पंडित भाटी एक कर्मठ एवं जुझारू नेता हैं। इनके लोकसभा क्षेत्र का संयोजक बनाए जाने से पार्टी को काफी फायदा होगा इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।



# जहर खाने से युवक की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जहर खाने के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराए गए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना फेस-3 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि गाजियाबाद निवासी (26 वर्षीय) वरुण कुमार पुत्र सत्येंद्र सिंह ने अपने घर में जहर खा लिया था। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सेक्टर-71 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान वरुण कुमार की मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर गाजियाबाद पुलिस को जानकारी दे दी है।

# प्राण-प्रतिष्ठा पर निकाली शोभा यात्रा

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात दारागंज प्रयागराज हनुमान मंदिर मोरी से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का स्वागत जगह जगह पर लोगों ने पुष्प वर्षा करके किया। एक दर्जन से अधिक स्थानों पर मिठाई और जलपान कराए। इसके पूर्व कड़ाके की ठंड में प्रातः काल से ही अनामिका चौधरी के नेतृत्व में प्रयागराज के संगम तट पर पहुंच कर संकीर्तन किया तथा भगवान श्री सीताराम जी की आरती उतारी गई।

हनुमान मंदिर मोरी दारागंज प्रयागराज से शोभायात्रा निकालकर मीरागली, जी टी रोड, निराला मार्ग, बक्सी तिनमुहानी, फुलवरिया रोड होते हुए पुनः हनुमान जी के मंदिर पर समाप्त हुआ। शोभायात्रा में अनामिका चौधरी प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी चंदौली, जोनल अधिकारी नगर निगम प्रयागराज संजय ममगाई, ओमप्रकाश चौधरी, अभिषेक चौधरी, पंकज पांडेय धनंजय शुक्ला,बंटू मिश्रा, शनि मिश्रा, नीरज मिश्रा, चिरौंजी लाल निषाद,रजत निषाद,मलिक निषाद, शिवम पांडेय, पूर्व पार्षद शिवा त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, मृणाली मिश्रा, मुन्नी पांडेय, दामिनी पांडेय, रूशाली मिश्रा, सुमन बाला, पंकज राय, भीम सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव, मेज़र सुनील निषाद, प्रभात श्रीवास्तव अधिवक्ता, रामजी शर्मा, शारदा त्रिपाठी अधिवक्ता, आर पी दुबे पत्रकार, अजय द्विवेदी अधिवक्ता, रवि निषाद संयोजक, अमित सिंह, आयुष्मान, सुयश,गोलू, आदि के साथ क्षेत्रीय लोगों ने भी भाग लिया।







**एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का विशिष्ट आयोजन**

माननीय प्रधानमंत्री व माननीय रेल मंत्री के पहल पर आगरा मण्डल के 16 स्टेशनो पर आगरा छावनी, मथुरा जं, आगरा किला, कोसीकलां, खेडली, ईदगाह, भूतेश्वर, फतेहपुर सीकरी, नदबई, अछनेरा जं०, यमुना ब्रिज, मडावर महुआ रोड, रुंधी, होडल, शमसाबाद टाउन, एवं गोवर्धन रेलवे स्टेशनो पर चल रही ''एक स्टेशन एक उत्पाद'' योजना के तहत विस्तार किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य रेलवे परिसर का उपयोग कर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है। आगरा छावनी, मथुरा जं. आगरा किला, कोसीकलां, खेडली, ईदगाह, भूतेश्वर, फतेहपुर सीकरी, नदबई, अछनेरा जं०. यमुना ब्रिज, मडावर महुआ रोड, रूंधी, होडल, शमसाबाद टाउन, एवं गोवर्धन रेलवे स्टेशनों को क्रमशः मार्बल हैन्डी क्राफ्ट, पोशाक एवं पूजन सामग्री, नान खटाई. दुग्ध व दुग्ध उत्पाद, स्टोन की मूर्ति, लेदर हैन्डी क्रफ्ट, टेराकोटा क्ले उत्पाद, हस्तशिल्प गलीचा, भगवान लड्डू गोपाल की मूर्ति व पोशाक, तेल/अनाज, दलिया/अन्य अनाज उत्पाद एवं अचार इत्यादि बिक्री सहप्रचार केंद्र के रूप में नामित किया गया है।

यह इस व्यवसाय से जुड़े उद्यमों के लिए बेहतर अवसर विकसित करने में मदद करेगा और रेल यात्रियों के लिए भी स्थानीय उत्पाद उपलब्ध करवाएगा।

इस योजना के अंतर्गत मात्र टोकन राशि के भुगतान पर सारणी में वर्णित दिनों हेतु उक्त सभी 16 रेलवे स्टेशनों पर स्टाल का आवंटन किया जायेगा, बिजली का भुगतान भी आवंटी द्वारा किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं/कलाकार अपना आवेदन निम्न प्रमाण पत्र के साथ संबंधित स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक के पास अपना

आवेदन पत्र उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा करना सुनिश्चित करें।

Holder of Artisan/ Weaver ID card issued by Development Commissioner Handicrafts, Development Commissioner Handloom, or by the requisite State / Central Government Authority.

**1.** Individual artisans/ Weavers/Craftsmen enrolled/registered with tribal co-operative marketing development federation of India limited (TRIFED)/national handloom development corporation (NHDC)/ Khadhi and village industries commission (KVIC) etc.

**2.** Self-Help groups registered with PMEGP (Prime Minister Employment Generation Programme).

**3.** Marginalized or weaker sections of society.

**4.** Individual artisans/weavers/ craftsmen etc. associated with registered micro enterprises on the Udyam Portal of the Ministry of MSME and NGOs.

**5.** Individual artisans/weavers/ craftsmen etc. associated with Social Organisations, State Govt. bodies, etc.

- अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।
- उपरोक्तं स्टेशनों के अलावा आगरा मण्डल के अन्य स्टेशनो व अन्य उत्पादों के लिए यदि कोई आवेदन देना चाहता हैं, तो मण्डल कार्यालय (वाणिज्य विभाग) आगरा में अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

इस योजना से सम्बंधित किसी अन्य जानकारी हेतु संपर्क करें 9528027002

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान
136/24 (ADM)
North Central Railway | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in


## पृष्ठ एक के शेष....

**आध्यात्मिक व...**

होने के बावजूद पहचान का संकट था। पूर्व राज्यपाल रामनाईक ने कहा था कि हर राज्य का स्थापना दिवस होता है। यूपी का भी मनाया जाना चाहिए। 24 जनवरी 2018 को प्रदेश का पहला स्थापना दिवस मनाया गया। आज हम सातवां स्थापना दिवस मना रहे हैं। यह विशेष है क्योंकि भगवान राम 500 साल बाद अपनी नगरी में विराजमान हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश का स्थापना दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाने का माध्यम बन गया है।

**राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री...**

भाइयों एवं बहनों को ढेरों शुभकामनाएं। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की पावन धरती, यह प्रदेश असीम संभावनाओं और ऊर्जा से भरा हुआ है। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ चुका है. हमारा यह प्रदेश और अधिक विकसित, समृद्ध और खुशहाल हो, यही मैं कामना करता हूँ।

**रामलला के...**

इससे पहले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन मंदिर मंगलवार को भी रामभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। रामजन्मभूमि पथ पर तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन भक्तों की आस्था ने दर्शन का भी नया रिकॉर्ड बनाया। मंगलवार को पांच लाख श्रद्धालुओं ने श्रीराम दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर में रात नौ बजे तक दर्शन कराए गए। इंतजाम सुचारु बनाने के लिए शाम को सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने अयोध्या पहुंच श्रद्धालुओं से धैर्य रखने का आग्रह किया।

जिला प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने तय किया है कि अब सुबह छह से रात दस बजे तक अनवरत दर्शन होंगे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि इस बीच आरती व भोग के लिए थोड़ी देर दर्शन रोके जाएंगे।

उत्तर प्रदेश विशेष एडीजीएलओ प्रशांत कुमार ने कहा कि यहां लोगों की भारी भीड़ जुट चुकी है। मुख्य गृह सचिव और मुझे यहां जा गया है। भीड़ को सिस्टमैटिक तरीके से भेजा जा रहा है। हमें लोगों के लिए चैनल बनाए हैं।

**तीन दिवसीय यूपी...**

जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, जिला सांख्यिकी अधिकारी शिवराज सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन अग्रवाल, जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनीषा अत्री, जिला उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर यशपाल, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार सिंह एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**एचसीएल साइक्लोथॉन...**

एचसीएल स्ट्रेटजी के अध्यक्ष सुंदर महालिंगम मौजूद थे।

यह कार्यक्रम साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा उत्तर प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा एचसीएल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस साइक्लोथॉन में देश भर के साइकिल राइडर भाग लेंगे।

**अद्वितीय पक्षी...**

के रूप में कार्य करता है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अटूट समर्थन और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के सहयोग से, उत्तर प्रदेश वन विभाग ने 2010 से सूरजपुर के लिए एक संरक्षण परियोजना को परिश्रमपूर्वक आगे बढ़ाया है। इस मौके पर जिला वन अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव समेत वन विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**केमिकल का ऑर्डर...**

बारे में संपर्क किया। नीता भट्ट ने बताया कि उसके पास अच्छी क्वालिटी का माल है और उसकी कीमत 165000 प्रति लीटर है। उसने ढाई लीटर की कीमत पर 5 प्रतिशत छूट देने की बात कही। जिसके बाद उसने उसकी बात पर विश्वास करते हुए 398500 खाट ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब उसने उक्त कैमल के केमिकल की सप्लाई के लिए कस्तूरी पांडुरंगन से संपर्क करना चाहा तो उसने अपना फोन बंद कर लिया और मेल का भी कोई रिप्लाई नहीं दिया। संदेह होने पर उसने शर्मा इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की एजेंट नीति भट्ट से उक्त केमिकल का बिल देने को कहा तो उसने उनके साथ बदतमीजी की और झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर कस्तूरी पांडुरंगन और नीता भट्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**दो चोर दबोचे,...**

थाना प्रभारी ने बताया कि कंपनी परिसर में ही आरोपियों ने तीन पहिया जुगाड़ ठेला खड़ा किया हुआ था। इसी ठेले में उन्होंने चोरी के पाइपों को भर रखा था। आरोपी ने बताया कि वह बंद पड़ी फैक्ट्री को चिन्हित कर उनमें चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

**पांच माह बाद...**

इसके बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। घटना के करीब 5 माह बाद पुलिस ने अब आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# बंद फैक्ट्री में लगी आग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 क्षेत्र के एनएसईजेड स्थित एक कंपनी में बीती रात्रि आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री पिछले करीब 3 साल से बंद पड़ी हुई है।

चीफ फायर ऑफिसर सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि बीती रात्रि एनएसईजेड में एक कंपनी में आग लगने की सूचना मिली। आग की सूचना पर तुरंत मौके के लिए दो दमकल गाड़ियों को रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उक्त कंपनी पिछले 3 साल से बंद पड़ी हुई है। पिछले वर्ष भी इस कंपनी में आग लगने की घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि कंपनी में आग लगने की घटना की जांच की जा रही है। इस हादसे में कंपनी में रखा कुछ सामान जल गया है और कोई जनहानि नहीं हुई है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन:** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०; **नीलामी सूची सं./लॉट सं.: LJN-VPU-02-24; नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 22.01.2024 समय 15:57 बजे; **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 07.02.2024 समय 13:00 बजे; **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 07.02.2024 समय 15:10 बजे; **नीलामी का प्रकार:** Close Ended; **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक लखनऊ**

**मुजाधि/वा०-248**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### सीमा पर गूंजा प्रभु का नाम, जब एलएसी पर चीनी सैनिक भी बोले जयश्री राम ; वायरल वीडियो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अब पट आम जनता के लिए भी खुल चुके हैं। पूरे देश में सोमवार को दिवाली जैसा माहौल रहा। खास बात है कि भारत ही नहीं अमेरिका, मेक्सिको, जापान समेत दुनिया के कई देशों में राम के नाम की गूंज सुनाई दी। इसी बीच एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जहां एलएसी यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिक राम नाम का जयकार लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो एलएसी का है और इसमें भारतीय और चीनी सैनिक नजर आ रहे हैं। वीडियो के मुताबिक, भारतीय सैनिक जय श्री राम कहते हैं और इसके बाद चीनी सैनिकों को इसे दोहराते हुए देखा जा सकता है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। अब तक यह भी साफ नहीं है कि वीडियो कब का है। साल 2020 में गलवान घाटी में झड़प के बाद से ही सीमा पर भारत और चीन के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि, इस बीच दोनों पक्षों में सैन्य स्तर पर कई बार बात हुई और डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया पर भी सहमति बनी, लेकिन हालात पूरी तरह नहीं सुधर पाए हैं। भारतीयस सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि नियंत्रण रेखा के पास हालात संवेदनशील हैं। पीटीआई भाषा के अनुसार, उन्होंने कहा था, उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर लेकिन संवेदनशील हैं। हम शेष मुद्दों का समाधान तलाशने के लिए स्थापित प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं के अनुसार सैन्य और राजनयिक दोनों स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की संख्या को कम करने का प्रयास किया जाएगा, उन्होंने कहा कि प्राथमिक जोर 2020 में गतिरोध शुरू होने से पहले की यथास्थिति में लौटना है। उन्होंने कहा था, वर्तमान में हमारी कोशिश 2020 के मध्य से पूर्व की स्थिति में वापस जाने के लिए बातचीत जारी रखने की है। और एक बार ऐसा होने पर हम सैनिकों की संख्या में कटौती के बड़े मुद्दे पर विचार कर सकते हैं। एलएसी पर जब तक जो कुछ भी सैनिक तैनात करने की जरूरत पड़ेगी, हम करते रहेंगे। सोमवार दोपहर अयोध्या राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूरा हो गया है। अयोध्या में राम मंदिर की लंबाई (पूर्व-पश्चिम) 380 फीट है। इसकी चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। खास बात है कि मंदिर 392 स्तंभों पर टिका है और यहां 44 दरवाजे हैं।

### कार सेवक ने 32 साल बाद पहनी चप्पल, सपना पूरा होने पर मंत्री ने पहनाए चप्पल

**जलगांव , एजेंसी।** उत्तरी महाराष्ट्र में जलगांव के 60 वर्षीय विलास भवसार ने 1992 में शपथ ली थी कि जब तक अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो जाएगा तब तक वह जूता-चप्पल नहीं पहनेंगे। सोमवार को अयोध्या में राममंदिर में राम लला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद भवसार ने 32 साल बाद आज पहली बार चप्पल पहनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अगुवाई की। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री एवं भाजपा नेता गिरीश महाजन ने सोमवार को जलगांव जिले के जामनेर में एक कार्यक्रम में भवसार को एक जोड़ी चप्पल दी तथा भवसार ने वह चप्पल पहनी। जलगांव में पान की दुकान चलाने वाले भवसार ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनकी शपथ पूरी हो गयी तथा हर रामभक्त का सपना साकार हो गया। भवसार ने कहा कि 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद उन्होंने तब तक जूते-चप्पल नहीं पहनने की कसम खाई थी जब तक अयोध्या में उसी स्थान पर पर भव्य राममंदिर नहीं बन जाता। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में राम लला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मुख्य यजमान थे। वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे विधि-विधान से राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर हजारों साधु-संतों के अलावा बॉलीवुड स्टार, उद्योगपति, राजनेता और समाज के अलग-अलग वर्गों से लोग मौजूद थे।

### राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ असम की सीमा से निकलकर मेघालय में किया प्रवेश



**शिलांग, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को पदयात्रा के रूप में असम से मेघालय में प्रवेश कर गई। यह यात्रा सोमवार को दोपहर बाद असम के मोरीगांव जिले से निकलकर मेघालय में प्रवेश कर गई। मेघालय में प्रवेश करने के तुरंत बाद राहुल गांधी और उनके साथ आए लोगों ने मेघालय के री भोई जिले के मुख्यालय नोंगपोह के करीब पदयात्रा की। इसी क्रम में राहुल ने लोगों का अभिवादन किया और उनसे बातचीत की। यह यात्रा री भोई जिले के बर्नीहाट में रात्रिविश्राम के लिए रुकेगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने देर शाम नोंगपोह में एक जनसभा को संबोधित किया।यात्रा में शामिल एक कार्यकर्ता के मुताबिक, राहुल मंगलवार सुबह असम-मेघालय सीमा पर युवाओं के साथ बातचीत करेंगे। उसके बाद यात्रा आगे बढ़ जाएगी।

# कड़ाके की ठंड से अभी राहत नहीं; कई राज्यों में बारिश के आसार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत के लोगों को अभी ठंड से राहत मिलती नहीं दिख रही है। घने कोहरे और शीतलहर की मार जारी है। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव के पास बैठने को मजबूर हैं। मौसम विभाग का कहना है कि कड़ाके की ठंड अभी और कुछ दिनों तक ऐसे ही सताएगी। इस बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश भी होने का अनुमान है जिससे ठंडी हवाएं मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, असम और त्रिपुरा समेत कई राज्यों में आज सुबह से कोहरा छाया हुआ है। कोहरे के चलते फ्लाइट्स और ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा है। साथ ही हल्की बर्फीली हवाएं चल रही हैं जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में सर्दी का सितम जारी है। राजधानी में आज न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। साथ ही सुबह से ही कोहरे के चलते लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। अगर यूपी की बात करें तो यहां भी मंगलवार सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। राज्य के पूर्वांचल वाले इलाकों में गलन भरी ठंड पड़ रही है। सोमवार को दोपहर में हल्की धूप खिलने से कुछ राहत जरूर मिली। राज्य का आज न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 15-19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। बिहार और एमपी का भी ठंड से बुरा हाल है और आज भी राहत नहीं मिलने वाली है। इन दोनों राज्यों में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। अगर उत्तराखंड की बात करें तो यहां के मैदानी इलाकों में कोहरा दुश्वारियां बढ़ा सकता है। ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 25 जनवरी तक राज्य में पहुंचने की उम्मीद है जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में बादल छा सकते हैं। अलग-अलग हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है। आजकल दिन के वक्त तापमान में बढ़ोतरी जरूर हो रही है जबकि सुबह-शाम हाड़ कंपाने वाली ठंड जारी है।

**पंजाब और हरियाणा में ठंड का कहर जारी :** पंजाब और हरियाणा में लोगों को हाड़ कंपा देने वाली ठंड से राहत नहीं मिली और कई स्थानों पर तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में मौसम कार्यालय ने बताया कि पंजाब में बठिंडा भीषण ठंड की चपेट में है, जहां सोमवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह से ही दोनों राज्यों में घना कोहरा छाया हुआ है और शीतलहर भी जारी है। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ भीषण ठंड का सामना कर रही है जहां कल न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी और नारनौल समेत कई स्थान शीतलहर की चपेट में हैं। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव के पास नजर आ रहे हैं।

**हिमाचल में बारिश-बर्फबारी के आसार :** हिमाचल प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय भागों में अगले पांच दिनों तक बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 25 और दूसरा 27 जनवरी से सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय जिलों किन्नौर, लाहौल-स्पिति, शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा के कुछ क्षेत्रों में में 25 से 28 जनवरी तक बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। हालांकि, मैदानी भागों में 27 तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। राज्य में 28 को एक-दो स्थानों पर बारिश हो सकती है। सोमवार को राजधानी शिमला में धूप खिलने के साथ हल्के बादल भी छाए रहे और आज भी ऐसे ही हालात बने हुए हैं।

**कश्मीर घाटी के न्यूनतम तापमान में गिरावट :** जम्मू-कश्मीर के कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड जारी है और न्यूनतम तापमान ओर भी नीचे गिरने से शीतलहर का प्रकोप तेज हो गया है। श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से नीचे 6.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस : सीएम योगी



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में ऊर्जा भरी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट कर लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी।

उन्होंने कहा, आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। नेताजी ने युवाओं का आह्वान करते हुए देश की आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री योगी ने यह बातें मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती पर कहीं। उन्होंने परिवर्तन चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सीएम ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया, नौजवानों का आह्वान किया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर भारतवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत, बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। यही कारण है कि हर भारतवासी नेताजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव रखता है। सीएम ने कहा कि सौभाग्य है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने और साप्ताहिक आयोजन को इससे जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। आज जब 127वीं पावन जयंती पर उन्हें स्मरण कर रहे हैं तो आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की रणनीति क्या होनी चाहिए, इन स्थितियों में अब हमारे सामने सक्षम भारत है। पूरी दुनिया नए भारत को देख रही है।

## हिमाचल प्रदेश में 2050 स्कूल बनाएगी सुक्खू सरकार, क्या-क्या होंगी सुविधाएं?



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार प्रदेश में 2050 इंग्लिश मीडियम स्कूल बनवाने का निर्णय लिया है। हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार ने बताया कि प्रदेश में 2050 उत्कृष्ट स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है। सोमवार को राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल डुगियारी के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि शिक्षा पद्धति में सुधार और बच्चों को आधुनिक माध्यमों से शिक्षा उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत 17 हजार से अधिक प्राथमिक वद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है।

# एक साल में राम मंदिर जाने वालों की संख्या 10 करोड़ तक हो सकती है

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के साथ ही 500 सालों का इंतजार खत्म हो गया। भारत और दुनिया के तमाम देशों में रह रहे राम भक्तों के लिए यह भावुक करने वाला क्षण था। अब अयोध्या में भक्तों का सैलाब उमड़ सकता है। अनुमान है कि एक साल में राम मंदिर जाने वालों की संख्या 10 करोड़ तक हो सकती है, जो दुनिया के किसी भी धार्मिक स्थल से ज्यादा होगी। मक्का में सालाना 2 करोड़ लोग ही जाते हैं, जबकि वेटिकन पहुंचने वालों का आंकड़ा 90 लाख ही है। इस लिहाज से देखें तो राम मंदिर इन सभी से कहीं आगे होगा।

इसके अलावा भारत में ही काशी के विश्वनाथ धाम, अमृतसर के पवित्र स्वर्ण मंदिर, दक्षिण में आस्था के बड़े केंद्र तिरुपति मंदिर और वैष्णो देवी धाम से भी कहीं ज्यादा लोगों के राम मंदिर पहुंचने की उम्मीद है। काशी विश्वनाथ धाम में बीते दो सालों को मिलाकर देखें तो 13 करोड़ लोग पहुंचे थे, जो बहुत बड़ा



आंकड़ा है। अब उससे भी कहीं आगे राम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लग सकता है। यही नहीं इससे यूपी सरकार के राजस्व में भी बड़े उछाल की उम्मीद है। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के चलते यूपी सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 25 हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिल सकता है। आंकड़ों के मुताबिक आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में हर साल 2.5 करोड़ लोग जाते हैं। भगवान वेंकटेश्वर के इस पवित्र मंदिर की दुनिया भर में मान्यता है और बड़े पैमाने पर लोग दान भी करते हैं। वहीं वैष्णोदेवी में साल भर में करीब 90 लाख लोग जाते हैं। इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल मक्का जाने वाले लोगों की संख्या सालाना 2 करोड़ तक है। यहां की मस्जिद और काबा के लिए दुनिया भर से लोग पहुंचते हैं। गौरतलब है कि राम मंदिर का निर्माण 2022 में चल ही रहा था। तब भी अयोध्या में 2.21 करोड़ लोग पहुंचे थे। इससे समझा जा सकता है कि आने वाले दिनों में क्या आंकड़ा हो सकता है।

हर साल ही राम मंदिर में करीब 10 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है, जो पूरी इंडस्ट्री के लिए उत्साह बढ़ाने वाला है। अयोध्या में होटल इंडस्ट्री, इन्फ्रास्ट्रक्चर और एफएमसीजी कारोबार में भी तेजी से उछाल आने की उम्मीद है। बड़े पैमाने पर अयोध्या में काम चल भी रहा है। सड़कों, होटलों, स्टेशन, बस अड्डा और एयरपोर्ट समेत तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं और बहुत सी चीजें संवर भी रही हैं। ऐसे में अयोध्या आस्था के साथ ही बिजनेस का भी हब बन सकता है। इसके चलते अयोध्या के अलावा आसपास के जिलों जैसे सुल्तानपुर, बाराबंकी आदि को भी फायदा मिलेगा।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर लोकसभा क्षेत्र तक पहुंचेगी भाजपा , आज से शुरू होगा बड़ा अभियान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। आज यानी 23 जनवरी से राम मंदिर को दुनियाभर के श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। भक्त अपने आराध्य का दर्शन करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आज सुबह से ही राम मंदिर के पास बड़ी संख्या में भक्त कतारों में खड़े हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी देशवासियों को रामलला का दर्शन कराने को लेकर एक अभियान शुरू करने जा रही है। बीजेपी की ओर से श्रीरामजन्मभूमि दर्शन अभियान की शुरुआत 24 जनवरी से होगी। पार्टी आलाकमान की ओर से अयोध्या यूनिट के नेताओं को टास्क दिए गए हैं, जो उनके लिए इतना आसान नहीं रहने वाला है। भाजपा जिला इकाई को निर्देश दिया गया है कि अयोध्या धाम आने वाले सभी भक्तों के लिए उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही उनके स्वागत करने का काम भी सौंपा गया है। ध्यान रहे कि इसी साल लोकसभा चुनाव होने हैं और उससे पहले ही बीजेपी की ओर से श्रीराम जन्मभूमि दर्शन अभियान शुरू किया जा रहा है। पार्टी हाईकमान की ओर से यह टारगेट रखा गया है कि कैंपेन के दौरान देश के



सभी संसदीय क्षेत्रों तक पहुंचा जाए। इस दौरान लोगों को रामलला का दर्शन करने लिए बुलावा भेजा जाएगा। साथ ही राम मंदिर आंदोलन में बीजेपी और आरएसस की सक्रिय भूमिका के बारे में जनता को जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, यह भी बताया जाएगा कि किस तरह कुछ राजनीतिक दल मंदिर निर्माण में बाधा बनते रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, महासचिव सुनील बंसल और विनोद तावड़े समेत कई बड़े नेता इस अभियान की निगरानी करेंगे। ये सभी लोग कैंपेन को सफल बनाने के लिए अयोध्या जिला इकाई के संपर्क में हैं। स्थानीय नेताओं को लगातार जरूर दिशानिर्देश पहुंचाए जा रहे हैं। 24 जनवरी को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अयोध्या आने वाले हैं। यहां वह राम मंदिर में प्रभु की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद श्रीराम जन्मभूमि दर्शन अभियान की शुरुआत की जाएगी। भाजपा के अयोध्या जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ा अवसर होने वाला है।

## गृह मंत्रालय की टीम ने मणिपुर का दौरा किया, सरकारी अधिकारियों और नेताओं से मुलाकात की

**इंफाल, एजेंसी।** गृह मंत्रालय के सलाहकार ए.के. मिश्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय केंद्रीय टीम सोमवार को मणिपुर पहुंची और सरकारी अधिकारियों व विभिन्न संगठनों के नेताओं के साथ बैठकें कीं। अधिकारियों ने बताया कि मिश्रा इंटेलिजेंस ब्यूरो के दो संयुक्त निदेशक मनदीप सिंह तुली और राजेश कुंबले के साथ सोमवार शाम पहुंचे। अपने आगमन के तुरंत बाद उन्होंने सरकारी अधिकारियों और विभिन्न संगठनों के नेताओं और निर्वाचित नेताओं के साथ कई बैठकें कीं।एक अधिकारी ने इन बैठकों के बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार करते हुए आईएएनएस को बताया, गृह मंत्रालय की टीम ने महिला संगठनों और कुछ निर्वाचित नेताओं सहित कुछ मैतेई संगठनों के साथ बैठकें कीं और मणिपुर के मौजूदा हालात पर चर्चा की।हिंसा प्रभावित मणिपुर में गृह मंत्रालय की टीम का दौरा महत्वपूर्ण है, क्योंकि कुछ संगठनों ने धमकी दी है कि अगर सरकार उग्रवादियों और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है तो बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू किया जाएगा।उग्रवादियों ने पिछले कुछ दिनों में हमले कर कम से कम सात लोगों की हत्या कर दी है, जिनमें दो मणिपुर पुलिस कमांडो, चार ग्रामीण और एक ग्राम रक्षा स्वयंसेवक शामिल हैं।इस बीच, मणिपुर में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 34 विधायकों, जिनमें से ज्यादातर सत्तारूढ़ भाजपा के हैं, ने केंद्र सरकार से सशस्त्र



उग्रवादी संगठनों के साथ ऑपरेशन के निलंबन (एसओओ) को रद्द करने का आग्रह किया है, अन्यथा विधायक परामर्श से उचित कार्रवाई करेंगे।रविवार को एक बैठक में 34 विधायकों ने एक सर्वसम्मत प्रस्ताव लिया, जिसमें केंद्र सरकार से केंद्र और राज्य सरकारों और 2008 में 23 कुकी उग्रवादी संगठनों के बीच हस्ताक्षरित एसओओ को निरस्त करने का अनुरोध किया गया और 2,266 कुकी कैडर मणिपुर में विभिन्न नामित शिविरों में रह रहे हैं।मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध कर रहे मणिपुर के ऑल-ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा 3 मई और उसके बाद बुलाए गए आदिवासी एकजुटता मार्च के दौरान और उसके बाद 16 में से 10 जिलों में अभूतपूर्व हिंसक झड़पें हुईं, हमले पर जवाबी हमले हुए और सरकारी वाहनों और निजी संपत्तियां और सैकड़ों घर जलाने की घटना देखी गई है।

# देश के नहीं होते दो टुकड़े, अगर नेताजी पहले प्रधान मंत्री होते : सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि उनका मानना है कि अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के पहले प्रधान मंत्री होते तो भारत का विभाजन रोका जा सकता था। पराक्रम दिवस यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बीजेपी नेता अधिकारी ने कहा, मेरा मानना है कि अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के पहले प्रधान मंत्री होते, तो हमारे देश का विभाजन नहीं होता और भारत में हर कोई खुश होता। भारत को गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से छुटकारा मिल गया होता। अंग्रेजों के खिलाफ स्वाधीनता संग्राम में आजाद हिन्द फौज की स्थापना करने वाले स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, जिसे पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, के अवसर पर कोलकाता में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सुवेंदु अधिकारी ने ये बातें कहीं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर नेताजी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। अधिकारी ने कहा, आज हम पराक्रम दिवस मना रहे हैं और नेताजी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित करने के लिए अपने प्रधान मंत्री को धन्यवाद देना चाहते हैं। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कोलकाता में



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सर्व-विश्वास रैली (संहति रैली) पर प्रतिक्रिया देते हुए अधिकारी ने कहा कि यह सांप्रदायिक रैली के सिवा कुछ नहीं थी। अधिकारी ने आरोप लगाया, वह विभिन्न धर्मों की एक समभाव रैली नहीं थी, बल्कि एक सांप्रदायिक रैली थी। यह दंगे भड़काने के लिए की गई थी। ऐसी भाषा! क्या वह मुख्यमंत्री थीं? वह जेल जाने के डर से पागल हो गई हैं। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाने से रोके जाने के आरोप को खारिज करते हुए अधिकारी ने कहा, पश्चिम बंगाल में हरेक हिंदू ने कल भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में भाग लिया, भले ही वे इस दौरान अपने घरों में ही थे। अधिकारी ने यह भी दावा किया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं ने सोमवार को राम पूजा के दौरान हिंदुओं पर हमला किया है। उन्होंने कहा, तृणमूल के पाकिस्तान-प्रेमी नेताओं ने राम पूजा के दौरान हिंदुओं पर हमला किया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को एक राजनीतिक अभियान में बदल दिया है, इस दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अधिकारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले दो लोकसभा चुनावों में जीत हासिल की थी, जब मंदिर अस्तित्व में भी नहीं था।

खास खबर

## वेडिंग देश की चौथी बड़ी इंडस्ट्री

## 2023 में 26 प्रतिशत बढ़कर 4.74 लाख करोड़ का रहा शादियों का कारोबार



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेडिंग यानी शादियों से जुड़ा कारोबार अब देश की चौथी बड़ी इंडस्ट्री बन गई है। बीते साल ये इंडस्ट्री 26.4 प्रतिशत बढ़कर 4.74 लाख करोड़ रुपए की हो गई। तेज शहरीकरण के बीच मध्यम वर्ग की आय बढ़ना इसकी सबसे बड़ी वजह बताई जा रही है। वेडिंग प्लानिंग प्लेटफॉर्म वेडमीगुड की वेडिंग इंडस्ट्री रिपोर्ट 2023-24 के मुताबिक, देश की वेडिंग इंडस्ट्री सालाना 7-8 प्रतिशत ग्रोथ के साथ वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 6.25 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी से देश में शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। मार्च तक करीब 30 विवाह मुहूर्त हैं। इनमें लाखों की संख्या में शादियां होंगी। इसको लेकर पूरी इंडस्ट्री ने तैयारी की हुई है। कुछ साल से भारतीय वेडिंग इंडस्ट्री में तेज ग्रोथ देखी जा रही है। वेडमीगुड की को-फाउंडर महक सागर शाहनी के मुताबिक भारतीय कंज्यूमर की परचेजिंग पावर बढ़ रही है। ऐसे में डेस्टिनेशन वेडिंग की डिमांड बढ़ने के साथ ही वेडिंग प्रोफेशनल्स ने साल भर में बिजनेस में 15-22त्न की बढ़ोतरी दर्ज की है। कुल वेडिंग में डेस्टिनेशन वेडिंग की हिस्सेदारी 2022 में 18 प्रतिशत थी जो 2023 में 21त्न हो गई। इस साल होटलों ने बड़े पैमाने पर बिग फैट वेडिंग के लिए तैयारी की है। रेडिसन होटल ग्रुप 'डेडिकेटेड वेडिंग कॉन्सेप्ट' बना रहा है। हिल्टन होटल ने शादियों के अनुभव को पर्सनलाइज्ड बनाने के लिए सेलिब्रिटी शेफ जोड़ा है।

## सरकार ने सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने 22 जनवरी से सोने और चांदी की छीलन और बुरादा (फाइलिंग्स) पर इम्पोर्ट ड्यूटी 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 15प्रतिशत कर दिया है। इनका उपयोग सोने और चाँदी के आभूषण बनाने में किया जाता है। इसके अलावा कीमती धातुओं के सिक्कों के इम्पोर्ट पर भी अब 15 प्रतिशत टैक्स देना होगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार इस पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ने से आने वाले दिनों में सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिल सकती है। हालांकि इससे ज्यादा दाम नहीं बढ़ेंगे। बीते साल यानी 2023 में भारत में सोने का इम्पोर्ट (आयात) 2023 में 3प्रतिशत बढ़कर 734.2 टन तक पहुंच गया। वहीं के लिहाज से सोने का इम्पोर्ट 16.4प्रतिशत बढ़कर 3.53 लाख करोड़ रुपए (42.58 अरब डॉलर) हो गया। अक्टूबर 2023 तक 1,241 टन आयात के साथ चीन सोने का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है। हमारे देश में हर साल 700 से 800 टन सोने की खपत (डिमांड) होती है। इसमें से सिर्फ 1 टन का उत्पादन भारत में होता है और बाकी आयात किया जाता है। चीन के बाद भारत में ही सोने की सबसे ज्यादा खपत होती है।


# निजी बंदरगाहों पर ढुलाई तेजी से बढ़ी, सरकारी बंदरगाहों की वृद्धि दर कम

## प्रमुख बंदरगाहों की इस महीने के दौरान विदेशी माल ढुलाई में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई

### तटीय माल ढुलाई करीब 8 प्रतिशत गिरकर 150 लाख टन हो गई

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** देश के निजी और राज्य सरकार संचालित बंदरगाह (गैर प्रमुख बंदरगाह) वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में तेजी से बढ़े जबकि केंद्र सरकार संचालित (प्रमुख बंदरगाहों) की वृद्धि दर अपेक्षाकृत कम रही। यह जानकारी ढुलाई के आंकड़े से मिली। अप्रैल और दिसंबर के दौरान प्रमुख बंदरगाहों की माल ढुलाई 5 प्रतिशत बढ़कर 60.4 करोड़ टन हो गई जबकि गैर प्रमुख बंदरगाहों की ढुलाई 11 प्रतिशत बढ़कर 53.1 करोड़ टन हो गई। केंद्र सरकार के संचालित बंदरगाहों से दिसंबर, 2023 के दौरान 699 लाख टन माल की ढुलाई हुई और इसमें 0.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई जबकि इस दौरान गैर प्रमुख बंदरगाहों ने बीते साल की तुलना में 8.1 प्रतिशत ज्यादा 581 लाख टन माल की ढुलाई की।

प्रमुख बंदरगाहों की इस महीने के दौरान विदेशी माल ढुलाई में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि तटीय माल ढुलाई करीब 8 प्रतिशत गिरकर 150 लाख टन हो गई। इससे कुल माल ढुलाई करीब सपाट रही। दिसंबर में गैर प्रमुख बंदरगाहों से विदेश को भेजे जाने वाले कार्गो में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि तटीय माल ढुलाई में 0.03 प्रतिशत की गिरावट आई।



विशेषज्ञों के मुताबिक तमिलनाडु बिजली बोर्ड के तापीय कोयले की ढुलाई विशाखापट्टनम बंदरगाह की जगह आंध्र प्रदेश के गंगवरम बंदरगाह से हुई। इससे 2023-24 में आंध्र प्रदेश मैरीटाइम बोर्ड का तटीय ट्रैफिक 59 प्रतिशत बढ़ गया।

ओडिशा के गैर प्रमुख बंदरगाहों के तटीय कार्गो में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जबकि इसका निम्न आधार 2 लाख टन था। इस वित्त वर्ष में प्रमुख बंदरगाहों से भेजे जाने वाले माल में सर्वाधिक गिरावट खाद्यान्न में आई। इसमें दालों की खेप में सर्वाधिक 82 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद सीमेंट में 18.3 प्रतिशत, चीनी में 9.5 प्रतिशत, कोकिंग कोल में 6.7 प्रतिशत, अन्य जिंसों में 6 प्रतिशत और रसायन में 4.1 प्रतिशत की गिरावट आई।

गुजरात के दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट या कांडला बंदरगाह में 2023-24 के दौरान विदेशी माल ढुलाई करीब 70 लाख टन कम हुई। प्रमुख बंदरगाह प्राथमिक तौर पर खाद्यान्न, कोयला और इमारती लकड़ी की खेप भेजते हैं। कुल ढुलाई में प्रमुख बंदरगाहों की हिस्सेदारी करीब 16 प्रतिशत है।

अधिकारियों के अनुसार गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगने के कारण इन बंदरगाहों पर खासा असर पड़ा था। दूसरी तरफ, गुजरात के निजी बंदरगाह से विदेशों को भेजे जाने वाली खेप 7 प्रतिशत से अधिक बढ़ी।

इस गिरावट के कारण कांडला बंदरगाह से सर्वाधिक ढुलाई (प्रमुख बंदरगाहों में) करने का खिताब छीन गया और यह स्थान ओडीशा के पारद्वीप बंदरगाह ने हासिल किया। पारद्वीप बंदरगाह से ढुलाई 14 प्रतिशत बढ़ी और इसने कुल 10.5 करोड़ टन कार्गो की ढुलाई की।

इस वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में अंतर्देशीय जलीय मार्गों से 9.2 करोड़ टन कार्गो की ढुलाई हुई जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में समान रहा।

# सेंसेक्स 1,053 अंक गिरकर 70,370 पर बंद

## सोनी से मर्जर डील टूटने के बाद जी का शेयर 30 प्रतिशत गिरा, बैंकिंग और मेटल शेयर्स भी फिसले

**मुंबई (एजेंसी)।** शेयर बाजार में मंगलवार को यानी 23 जनवरी को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 1,053 अंक की गिरावट के साथ 70,370 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 333 अंक की गिरावट रही। ये 21,238 के स्तर पर बंद हुआ। बैंकिंग और मेटल शेयर्स में आज ज्यादा गिरावट रही। जी-सोनी की मर्जर डील कैंसिल होने के बाद आज जी एंटरटेनमेंट के शेयर में 30 प्रतिशत की गिरावट रही। ये 70.50 रुपए (30.47 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 160.90 रुपए पर बंद हुआ।

एचडीएफसी बैंक के शेयर में 3.45त्न की गिरावट रही। सेंसेक्स इंडेक्स में इसका वेटेज ज्यादा है, इस कारण मार्केट की गिरावट में इसका बड़ा योगदान रहा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 2 प्रतिशतकी गिरावट रही है। ब्रोकरेज फर्म



सिटी स्टॉक को डाउनग्रेड किया है। इससे भी मार्केट टूटा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने इस महीने अब तक 13 हजार करोड़ कि बिकवाली की है। इससे बाजार को नुकसान हुआ है। भारतीय शेयर बाजार अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। भारत ने हॉन्ग कॉन्ग के शेयर बाजार को पीछे छोड़ते हुए ये मुकाम हासिल किया है। ब्लूमबर्ग के जुटाए आंकड़ों के मुताबिक, हॉन्ग कॉन्ग शेयर मार्केट में लिस्टेड शेयरों की कुल वैल्यू 4.29 लाख करोड़ डॉलर है, जबकि भारत के शेयर बाजार में लिस्टेड शेयरों की कुल मार्केट कैप 4.33 लाख करोड़ डॉलर हो गई है।

### पिछले साल 4 ट्रिलियन डॉलर के पार हुआ था शेयर बाजार

मई 2007 में बीएसई लिस्टेड कंपनियों ने 1 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप की उपलब्धि हासिल की थी। इसे दोगुना होने में 10 साल का समय लग गया। जुलाई 2017 में मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर पहुंचा। मई 2021 में मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया था। 29 नवंबर को 4 ट्रिलियन डॉलर को पार पहुंच गया था।

# नोवा एग्रीटेक लिमिटेड का आईपीओ ओपन हुआ

## 25 जनवरी तक कर सकेंगे अप्लाय, लिस्टिंग पर 48 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न मिलने की उम्मीद




**मुंबई (एजेंसी)।** नोवा एग्रीटेक लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए आज ओपन हो गया है। इस इश्यू के जरिए कंपनी ?143.81 करोड़ जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 25 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे। 31 जनवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। अगर आप भी इस आईपीओ में पैसा लगाने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि आप इसमें कितना निवेश कर सकते हैं। इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 365 शेयर के लिए अप्लाई करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 39- 41 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 41 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको रु14,965 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 4745 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए रु194,545 इन्वेस्ट करने होंगे। इस इश्यू के लिए कंपनी रु112 करोड़ के 27,317,073 फ्रेश शेयर जारी करेगी। जबकि, कंपनी के प्रमोटर और मौजूदा निवेश ऑफर फॉर सेल के जरिए रु31.81 करोड़ के 7,758,620 शेयर बेचेंगे। आईपीओ ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 48.78 प्रतिशत यानी रु20 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड रु41 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग रु61 पर हो सकती है।

# हीरो की सबसे पावरफुल बाइक मेवरिक रिवील

## रोडस्टर बाइक में 440 सीसी का सिंगल-सिलेंडर ऑयल-कूल्ड इंजन

### हीरो एक्सट्रीम 125 आर रु.95000 में लॉन्च

**जयपुर (एजेंसी)।** हीरो मोटोकॉर्प का लॉन्चिंग इवेंट 'हीरो वर्ल्ड 2024' मंगलवार (23 जनवरी) को जयपुर में हुआ। कंपनी ने इवेंट में अपनी सबसे पावरफुल और फ्लैगशिप बाइक हीरो मेवरिक 440 को रिवील कर दिया है। इसके अलावा हीरो ने मीडियम रेंज में एक्सट्रीम 125आर को लॉन्च कर दिया है। इसके अलावा कंपनी ने कॉन्सेप्ट बाइक हीरो फॉरएवर भी पेश की, जो करिज्मा एक्सएमआर का नेकेड एडिशन नजर आ रहा है। हीरो एक्स्ट्रीम 125आर की भारतीय बाजार में शुरुआती कीमत 95,000 रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है। वहीं, मेवरिक की कीमत का खुलासा नहीं किया गया है। फरवरी में मेवरिक की बुकिंग शुरू होगी, जबकि डिलीवरी अप्रैल से की जाएगी। इसकी एक्स शोरूम कीमत 2 लाख रुपए के आसपास हो सकती है।

मेवरिक का मुकाबला रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350, हार्ले डेविडसन एक्स440, जावा 350 और होंडा सीबी 350 जैसी बाइक्स से होगा। वहीं, हीरो एक्सट्रीम 125आर अपने सेगमेंट में होंडा शाइन 125, होंडा एसपी125 और टीवीएस राइडर को टक्कर देगी। मेवरिक को हार्ले डेविडसन एक्स440 के प्लेटफॉर्म पर डेवलप किया गया है, लेकिन इसके लुक और डिजाइन अलग हैं। रोडस्टर स्टाइल वाली बाइक रेट्रो थीम के साथ मॉडर्न टच से लैस है। इसके फ्रंट में ट्विन ॥-शेप्ड डीआरएल




के साथ राउंड हेडलैंप दिया गया है। गाड़ी में ट्यूबलर स्टाइल हेंडल बार, सिंगल पीस सीट, कर्वड फ्यूल टैंक के साथ स्पोर्टी टैंक श्राउड दिए गए हैं। शार्प लुक्स वाला एग्जॉस्ट बाइक को काफी दमदार दिखाता है। मेवरिक को तीन वैरिएंट (बेस, मिड और टॉप) और 5 कलर ऑप्शन के साथ पेश किया है। इसमें आर्कटिक वाइट, फियरलेस रेड, सेलेस्टियल ब्लू, फैंटम ब्लैक और एंजिमा ब्लैक शामिल है। ब्रेकिंग के लिए इसमें ड्यूल-चैनल एबीएस के साथ दोनों सिरों पर सिंगल डिस्क ब्रेक मिलेंगे। इसका ग्राउंड क्लीयरेंस 175 एमएम है।

बाइक में कंफर्ट राइडिंग के लिए फ्रंट में 130एमएम ट्रैवल के साथ 43एमएम के टेलिस्कोपिक फोर्क्स और रियर में डुअल शॉक एब्जॉर्बर दिए गए हैं। राइडर के कंफर्ट को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई मोटरसाइकिल में न्यूट्रल फुटरेस्ट पोजीशन की सुविधा है। बाइक 17-इंच के व्हील पर चलती है, जबकि हार्ले में 18 और 17 इंच के व्हील का सेटअप दिया गया है। मेवरिक के मिड और टॉप वैरिएंट में डायमंड-कट अलॉय व्हील मिलेंगे।

### हीरो मेवरिक -इंजन और परफॉर्मेंस


मेवरिक में हार्ले डेविडसन एक्स440 वाला इंजन ही इस्तेमाल किया गया है। हालांकि इसमें माइनर बदलाव किए गए हैं। यह 440सीसी का सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड इंजन 27 बीएचपी की पावर और 36एनएम का पीक टॉर्क प्रोड्यूस करता है। ट्रांसमिशन के लिए इंजन को स्लिप-एंड-असिस्ट क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स से ट्यून किया गया है।

### हीरो मेवरिक - फीचर्स

बाइक में एलईडी इंडिकेटर्स के साथ फुल एलईडी लाइटिंग और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ एलसीडी डिस्प्ले जैसे मॉडर्न फीचर्स हैं। इसका नेगेटिव एलसीडी इंस्ट्रूमेंट कंसोल एकदम क्लीन है और इसमें स्पीडोमीटर, टैकोमीटर, गियर पोजिशन इंडिकेटर, रेंज और माइलेज इंडिकेटर और साइड स्टैंड अलर्ट से जुड़ी जानकारी मिलती है। हीरो मेवरिक बाइक में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, कॉल एंड एसएमएस अलर्ट, डिजिटल क्लॉक, एस्टिमेटेड टाइम ऑफ अराइवल ,डिस्टेंस और फोन बैटरी इंडिकेटर दिए गए हैं।

# अर्श से फर्श पर पहुंचा Byju's

## वैल्यूएशन में 90 फीसदी गिरावट के साथ फंड जुटाने की कोशिश में




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कभी दुनिया के सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप्स में गिना जाने वाला Byju's अपनी पैसे की किल्लत को कम करने के लिए अपने पिछले राउंड से 90 प्रतिशत से ज्यादा के डिस्काउंट पर फंड जुटाने की कोशिश कर रहा है।

संकटग्रस्त भारतीय एजुकेशन कंपनी, Byju's, अगले महीने नए शेयर जारी करके मौजूदा निवेशकों से 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा जुटाना चाहती है। प्रस्तावित शेयर बिक्री से कंपनी का मूल्य 2 बिलियन से कम हो जाएगा, जो 2022 के अंत में उनके 22 बिलियन के पिछले मूल्यांकन से बहुत कम है।

सूत्रों के मुताबिक, संस्थापक, बायजू रवीन्द्रन, कंपनी में अपना हिस्सा बनाए रखने के लिए शेयर बेचेंगे। अगले महीने बिक्री से मिलने वाले पैसे से बिलों का भुगतान करने और बिजनेस को और ज्यादा स्थिर बनाने में मदद मिलेगी।

रवीन्द्रन कंपनी को बचाने और उसकी वित्तीय परेशानियों को कम करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। कंपनी अपने अमेरिका बेस्ड किड्स डिजिटल रीडिंग प्लेटफॉर्म को लगभग 400 मिलियन डॉलर में बेच रही है और 1.2 बिलियन डॉलर के ऋष्टा पर ब्याज भुगतान में चूक के कारण लेनदारों के साथ कानूनी विवाद में भी है।

सूत्रों के बताया, शेयर बेचने के बाद, कंपनी की योजना अपने मुख्य व्यवसाय को बेहतर बनाने और शिक्षा के नए चलन में गहराई से उतरने पर ध्यान केंद्रित करने की है- इसके अलावा वे पर्सनलाइज लर्निंग के लिए जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करना चाहते हैं।

चैन जुकरबर्ग इनिशिएटिव और अन्य द्वारा समर्थित बायजू ने दुनिया भर में कंपनियों को खरीदने के लिए बहुत सारा पैसा जुटाया। लेकिन जब वैश्विक टेक फंडिंग कम हो गई, तो उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अब आगामी शेयर बिक्री में कई शेयरधारकों के शामिल होने की उम्मीद है।

# सोने हुआ महंगा, चांदी भी चमकी

**मुंबई (एजेंसी)।** इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोने के वायदा भाव की आज शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में इसकी कीमतों में तेजी देखी जाने लगी। सोने के वायदा भाव 61,950 रुपये और चांदी के 70,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी सुस्त शुरुआत के बाद सुधरी।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 36 रुपये की तेजी के साथ 61,904 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 94 रुपये की तेजी के साथ 61,962 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 61,963 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 61,904 रुपये के भाव पर दिन का निचला



स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में सोने के वायदा भाव ने 64,063 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज गिरावट के साथ हुई।एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 62 रुपये की गिरावट के साथ 71,754 रुपये के भाव पर खुला। हालांकि इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 91 रुपये की तेजी के साथ 71,907 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,936 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,731 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल दिसंबर महीने में चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। कॉम एण्ड पर सोना 2,023.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,022.20 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 4.10 डॉलर की तेजी के साथ 2,026.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉम एण्ड पर चांदी के वायदा भाव 22.20 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 22.29 डॉलर था।

### सोने, चांदी, कीमती धातुओं के सिक्कों पर इंपोर्ट शुल्क अब 15 प्रतिशत

वित्त मंत्रालय ने सोने, चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर आयात शुल्क मौजूदा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सोने-चांदी की धातुओं और कीमती धातुओं के सिक्कों पर आयात शुल्क अब 15 प्रतिशत होगा। इसमें 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) और पांच प्रतिशत एआईडीसी (कृषि अवसंरचना विकास उपकर) शामिल है। सामाजिक कल्याण अधिभार (एसडब्ल्यूसी) को इससे छूट है। मंत्रालय ने कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क बढ़ा दिया है। एसडब्ल्यूएस से छूट के साथ 10 मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और 4.35 प्रतिशत एआईडीसी (कृषि अवसंरचना विकास उपकर) सहित शुल्क को बढ़ाकर 14.35 प्रतिशत कर दिया गया है।

एलन मस्क बोले-

# भारत को एनएससी में मिले परमानेंट सीट

## कहा- कुछ देशों के पास ज्यादा ताकत, वे इसे छोड़ना नहीं चाहते

**यूएस (एजेंसी)।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सिक्योरिटी काउंसिल यानी एनएसी में भारत की परमानेंट सदस्यता नहीं होने को बेतुका बताया है। मस्क ने कहा कुछ देशों के पास ज्यादा ताकत है, जिसे वो छोड़ना नहीं चाहते हैं। उन्होंने यूएन चीफ एंटोनियो गुटरेस के ट्वीट को शेयर कर ये बातें लिखीं। दरअसल, गुटरेस ने कहा था कि अफ्रीका का नेतृत्व करने के लिए यूएनएसी में कोई भी नहीं है। वैश्विक संस्थाओं को समय के मुताबिक बदलना चाहिए। बजाय इसके कि वो 80 साल पहले की दुनिया की तरह चलें।

मस्क ने अपने ट्वीट में लिखा भारत धरती पर सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। इसके बावजूद एनएससी में नहीं है। एक वक्त के बाद ह की संस्थाओं को बदलने की जरूरत है। मस्क ने अफ्रीका के लिए भी एनएससी में भी परमानेंट सीट की मांग की है। दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है। 142 करोड़ जनसंख्या के साथ भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी का देश है। एनएससी में इतनी बड़ी आबादी का रिप्रेजेंटेशन होना जरूरी है।

पिछले एक दशक में भारत की औसतन सालाना विकास दर 7प्रतिशत से ज्यादा रही है। यह चीन के बाद किसी भी दूसरे बड़े देश की तुलना में सबसे ज्यादा है। इस आर्थिक ताकत को एनएससीमें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



भारत परमाणु शक्ति संपन्न है, लेकिन वो इसका दिखावा नहीं करता। अगर भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाता है तो परमाणु निरस्त्रीकरण प्रोग्राम में वह अहम भूमिका निभा सकता है। इंटरनेशनल थिंक टैंक 'अटलांटिक काउंसिल' के सर्वे के मुताबिक यदि अगले एक दशक में एनएससी का विस्तार होता है तो उसमें सबसे ज्यादा मौके भारत के लिए होंगे। एक्सपर्ट्स के बीच कराए गए सर्वे के अनुसार, भारत के स्थायी सदस्य बनने की संभावना 26 प्रतिशत रहेगी। एनएससी के 5 परमानेंट मेंबर हैं- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन। इनमें 4 देश भारत का समर्थन करने को तैयार हैं, लेकिन चीन नहीं चाहता कि ह की सबसे ताकतवर बॉडी पर भारत को एंट्री मिले। संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद में कोई भी प्रस्ताव पारित करने के लिए सभी 5 स्थायी देशों का समर्थन जरूरी है। फ्रांस, अमेरिका, रूस और ब्रिटेन अपनी सहमति जता चुके हैं, लेकिन चीन अलग-अलग बहानों से भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध करता रहा है। जबकि भारत ने एनएससी में चीन के परमानेंट मेंबर बनने का समर्थन किया था। संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद यानी हस्ष्ट संयुक्त राष्ट के छह प्रमुख अंगों में से एक है। यह यूएन की सबसे पावरफुल संस्था है। इस पर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने और संयुक्त राष्ट चार्टर में किसी भी बदलाव को मंजूरी देने की जिम्मेदारी है। कुछ मामलों में एनएससी अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने या बहाल करने के लिए प्रतिबंध लगाने या बल उपयोग करने का सहारा ले सकती है।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट से पहले अय्यर नेट्स के दौरान चोटिल

## दाएं हाथ की कलाई पर लगी बॉल, आइसिंग के बाद बल्लेबाजी करने उतरे



**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले नेट्स के दौरान श्रेयस अय्यर के दाएं हाथ की कलाई पर बॉल लगी। और वे बाहर चले गए। कुछ देर बर्फ से सिकाई करने के बाद दोबारा बल्लेबाजी लौटे।चोट गंभीरता का पता अब तक नहीं चला है। वे नेट्स पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी थ्रो-डाउनर की बॉल उनकी कलाई पर लगी।चोट लगने के बाद अय्यर नेट्स से बाहर चले गए। कुछ देर बर्फ से सिकाई करने के बाद दोबारा अभ्यास करने उतरे।

**कोहली भी शुरुआती दो टेस्ट में उपलब्ध नहीं** – अय्यर की चोट टीम इंडिया के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती थी, क्योंकि वे टीम के मध्य क्रम का अहम हिस्सा हैं। विराट कोहली भी शुरुआती दो टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। एक दिन पहले उन्होंने निजी कारणों के चलते पहले दो मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में मिडिल ऑर्डर की जिम्मेदारी अय्यर और केएल राहुल पर ही है। कोहली की जगह रिंकू सिंह, रजत पाटीदार और सरफराज खान में से एक को मौका मिल सकता है

**हैदराबाद में प्रैक्टिस कर रहीं दोनों टीमें, इंग्लैंड एक दिन पहले पहुंची** – ओपनिंग टेस्ट से पहले दोनों टीमें हैदराबाद में अभ्यास कर रही हैं। इंग्लैंड की टीम एक दिन पहले रविवार की रात हैदराबाद पहुंची है। इससे पहले, इंग्लैंड ने अब धाबी में भारत जैसी पर अभ्यास किया था। वहां तेज गेंदबाज ओली रॉबिंसन भारतीय पेसर मोहम्मद शमी के वीडियो देखकर सीधी स्वीम की बॉलिंग सीख रहे थे। पूरी खबर

**डब्ल्यूटीसी के लिहाज से अहम है यह सीरीज** – यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। अभी भारतीय टीम चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 7वें नंबर पर है।

# जोकोविच 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हराकर 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जोकोविच ने यह मुकाबला 7.6, 4.6, 6.2, 6.3 से जीता। वह जितनी बार भी यहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, उतनी बार अपराजेय रहे। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ने मेलबर्न पार्क पर सभी दस सेमीफाइनल और फाइनल जीते हैं। वह 48वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर या पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा। जोकोविच ने अब तक एक को छोड़कर सभी मुकाबलों में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया था। आस्ट्रेलिया में 2021 में मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा था।

महिला वर्ग में कोको गाफ ने यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक को 7.6, 6.7, 6.2 से मात दी। अब उनका सामना गत चैम्पियन एरिना सबालेंका या बारबरा क्रेइसिकोवा से होगा।

# रोहित बने आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर-2023 के कप्तान

**● विराट-शमी समेत 6 भारतीय को जगह ● वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से हेड और जम्पा**

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 2023 की वनडे टीम ऑफ द ईयर घोषित कर दी है। भारत को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को ही टीम का कप्तान बनाया गया। भारत के कुल 6 प्लेयर्स को जगह मिली, वहीं वर्ल्ड कप विजेता ऑस्ट्रेलिया से ट्रैविस हेड और एडम जम्पा को शामिल किया। टीम इंडिया के विराट कोहली, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने भी टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाई।

**साउथ अफ्रीका से 2, न्यूजीलैंड से एक खिलाड़ी** – 2023 की टीम ऑफ द ईयर में 4 देशों के 11 प्लेयर्स चुने गए। इनमें भारत के 6, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के 2-2 और न्यूजीलैंड का एक खिलाड़ी शामिल हैं। साउथ अफ्रीका से विकेटकीपर हेनरिक क्लासन और ऑलराउंडर मार्को यानसन को जगह दी गई। वहीं न्यूजीलैंड से डेरिल मिचेल जगह बनाने में कामयाब रहे।



### टीम में शामिल खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस...

**1. रोहित शर्मा, कप्तान (भारत)** – टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने 2023 में 52 की औसत से कुल 1255 रन बनाए। वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ एक सेंचुरी लगाकर कुल 597 रन बनाए। वह टूर्नामेंट के सेकेंड टॉप स्कोरर रहे थे। उनकी कप्तानी टीम वर्ल्ड कप में रनर-अप रही।रोहित शर्मा ने 2023 में 52 की औसत से 1255 रन बनाए।

**2. शुभमन गिल, भारत** – टीम इंडिया के युवा ओपनर शुभमन गिल ने 2023 में सबसे ज्यादा वनडे रन बनाए। साल की शुरुआत में ही उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगा दिया था। उन्होंने 29 वनडे में कुल 1584 रन बनाए, इनमें 5 सेंचुरी शामिल रहीं।

**3. ट्रैविस हेड, ऑस्ट्रेलिया** – वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे ट्रैविस हेड ने भी टीम में जगह बनाई। उन्होंने साल के 13 मैचों में 570 रन ही बनाए लेकिन वर्ल्ड कप की परफॉर्मेंस के आधार पर उन्हें जगह मिल गई।

**4. विराट कोहली, भारत** – वनडे वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट विराट कोहली ने 2023 में शुभमन से भी ज्यादा 6 सेंचुरी लगाई। उन्होंने 27 मैचों में कुल 1377 रन बनाए, जिनमें से 765 वर्ल्ड कप में आए। उन्होंने सेमीफाइनल में सेंचुरी और फाइनल में फिफ्टी लगाई, लेकिन अपनी टीम को जिता नहीं सके। हालांकि, बेहतरीन बैटिंग के दम पर कोहली ने टीम में जगह बनाई।विराट कोहली ने 2023 में 6 सेंचुरी लगाकर 1377 रन बनाए। वर्ल्ड कप में उन्होंने 3 सेंचुरी लगाई।

**5. डेरिल मिचेल, न्यूजीलैंड** – न्यूजीलैंड के लिए 2023 में सबसे बेहतरीन परफॉर्म करने वाले डेरिल मिचेल ने 26 वनडे में 1204 रन बनाए। इनमें 5 सेंचुरी शामिल रहीं, जिनमें से 2 उन्होंने वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ लगाईं। टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 552 रन बनाए और जरूरत पड़ने पर बॉलिंग भी की।

**6. हेनरिक क्लासन, विकेटकीपर (साउथ अफ्रीका)** – साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासन को टीम ऑफ द ईयर का विकेटकीपर बनाया गया। उन्होंने वर्ल्ड कप के 10 मैचों में 373 रन बनाए और अपनी टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाने के लिए एक सेंचुरी भी लगाई। टूर्नामेंट से पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 174 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी। क्लासन ने 2023 के 24 मैचों में 927 रन बनाए।हेनरिक क्लासन वनडे टीम ऑफ द ईयर के विकेटकीपर बने।

**7. मार्को यानसन, साउथ अफ्रीका** – वनडे वर्ल्ड कप के 9 ही मैचों में 17 विकेट लेने वाले मार्को यानसन ने साल 2023 में कुल 33 विकेट निकाले। उन्होंने बैट से बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में उन्होंने 47 रन बनाने के साथ 5 विकेट भी लिए थे।

**8. एडम जम्पा, ऑस्ट्रेलिया** – ऑस्ट्रेलिया के राइट आर्म लेग स्पिनर एडम जम्पा ने 2023 में कुल 38 विकेट लिए। वह वर्ल्ड कप के 11 मैचों में 23 विकेट लेकर दूसरे टॉप विकेट टेकर रहे थे। उनकी इकोनॉमी भी इस दौरान 6 से कम रही।

**9. कुलदीप यादव, भारत** – 2023 के टॉप विकेट टेकर भारत के कुलदीप यादव ने भी टीम में जगह बनाई। उन्होंने 30 वनडे में कुल 49 विकेट लिए। वह हर 21वीं बॉल में एक विकेट निकाल रहे थे। वर्ल्ड कप में उन्होंने 11 मैचों में 15 विकेट झटके, क्योंकि पेसर्स उन्हें ज्यादा बॉलिंग के मौके ही नहीं दे रहे थे।कुलदीप यादव 2023 में सबसे ज्यादा 49 विकेट लिए।

**10. मोहम्मद सिराज, भारत** – 2023 में आईसीसी की वनडे बॉलर्स रैंकिंग में पहले नंबर पर पहुंचने वाले मोहम्मद सिराज ने 25 मैचों में कुल 44 विकेट लिए। वह कुलदीप के बाद दूसरे नंबर पर रहे। एशिया कप फाइनल में उनके 6 विकेट की बदौलत टीम ने खिताब जीता। वर्ल्ड कप में उन्होंने 14 विकेट लिए, श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने महज 16 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

**11. मोहम्मद शमी, भारत** – वनडे वर्ल्ड कप के टॉप विकेट टेकर मोहम्मद शमी ने टूर्नामेंट के 7 ही मैचों में 24 विकेट झटक लिए। सेमीफाइनल में उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 7 विकेट लिए और टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय भी बने। साल के 19 ही मैचों में उन्होंने 43 विकेट झटक लिए, वह हर 17वीं बॉल पर ही एक विकेट निकाल दे रहे थे।

# बुमराह बोले- 'बैजबॉल' से मुझे ज्यादा विकेट मिलेंगे

**मैंने आईपीएल से खेलना शुरू किया लेकिन टेस्ट क्रिकेट आज भी किंग**

**मुंबई (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह ने कहा, इंग्लैंड अगर बैजबॉल अप्रोच ही अपनाएगा तो मुझे सीरीज में बहुत विकेट मिलेंगे। टेस्ट में बैटर अगर हर बॉल पर शॉट लगाएगा तो मुझे विकेट लेने के ज्यादा चांस मिलेंगे। बुमराह 25 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत से खेलते नजर आएंगे। मीडिया को दिए इंटरव्यू में भारतीय पेसर ने कहा, 'मैंने आईपीएल से क्रिकेट खेलना शुरू जरूर खेला लेकिन टेस्ट क्रिकेट आज भी किंग है। मैं हमेशा इसे ही सबसे चैलेंजिंग फॉर्मेट मानूंगा।'

**टेस्ट क्रिकेट ही किंग** – बुमराह ने कहा, मैं उस जनरेशन से हूं, जहां टेस्ट क्रिकेट ही किंग है। मैं हमेशा खुद को इसी प्रदर्शन के आधार पर देखूंगा। मैंने आईपीएल से शुरू किया लेकिन फर्स्ट क्लास क्रिकेट से अपनी बॉलिंग को सुधारा। मैं कभी भी व्हाइट बॉल क्रिकेट खेलकर खुश नहीं रहा। टेस्ट क्रिकेट में बैटर्स आसानी से आउट नहीं होते और यही मुझे सबसे ज्यादा चैलेंजिंग और मेजदार भी लगता है। टी-20 और वनडे में आप 5 स्लोअर गेंद फेंककर 5 बैटर्स को आउट कर सकते हैं, लेकिन टेस्ट में ऐसा करने से एक भी विकेट नहीं मिलता। टेस्ट क्रिकेट में किस्मत काम नहीं आती, यहां बेहतर टीम को ही जीत मिलती है। आप किस्मत के भरोसे 20 विकेट नहीं ले सकते।

मुझे नहीं पता कि आज के युवा टेस्ट क्रिकेट को कैसे देखते हैं। ये फॉर्मेट लम्बे समय से यहां है और टिका भी रहेगा। बहुत ज्यादा टेस्ट क्रिकेट बोरिंग हो जाएगा, बहुत ज्यादा व्हाइट बॉल क्रिकेट होने से भी कुछ ऐसा ही होगा। मुझे लगता है खेल में सभी फॉर्मेट होने चाहिए लेकिन किसी भी फॉर्मेट का ओवरडोज नहीं होना चाहिए।

**बैजबॉल में मुझे ज्यादा विकेट मिलेंगे** – इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज पर बुमराह ने कहा, मैं बैजबॉल को ज्यादा कारगर नहीं मानता लेकिन इंग्लैंड एग्रेसिव बैटिंग कर



सफल हो रहा है। वे दिखा रहे हैं कि इस तरह से भी टेस्ट खेला जा सकता है। एक बॉलर के रूप में मुझे लगता है कि अगर उनके बैटर्स तेज खेलने की कोशिश करेंगे तो मुझे विकेट के ज्यादा मौके मिलेंगे। वह हर बॉल पर मुझे गेम में रखेंगे और इसी के लिए मैं पूरी तरह से तैयार हूं।

**मुझे हमेशा मेरा बॉलिंग एक्शन नॉर्मल ही लगा** – बुमराह बोले- बचपन से बड़े होते हुए मुझे हमेशा ही मेरा बॉलिंग एक्शन नॉर्मल लगा। वो तो नेशनल जूनियर कैम्प जॉइन करने का बाद पता लगा कि मेरा एक्शन (बॉलिंग) थोड़ा अलग है। वहां मैंने अपनी बॉलिंग का वीडियो देख लिया था। मैं तो बस तेज गेंदें फेंककर विकेट ले रहा था। मुझे कभी एक्शन से दिक्कत नहीं हुई लेकिन अब इसी एक्शन से मुझे विकेट मिल रहे हैं। ये मेरी स्ट्रेंथ बन चुका है। मैंने टीवी पर कई बॉलर्स को देखकर सीखा है, लेकिन खुशकिस्मत हूं कि किसी भी कोच ने मेरे एक्शन में ज्यादा बदलाव नहीं किए।

**भारत के लिए खेलना ही सबसे बड़ा सपना** – बुमराह ने कहा, टीम इंडिया के लिए खेलना ही उनका सबसे बड़ा सपना है। मैं जब भी थकता हूं तब भारत के लिए खेलने के बारे में सोचता हूं। क्रिकेट करियर बहुत कम समय के लिए रहता है, मैं हमेशा नहीं खेल सकता। मैं खुद से यही कहकर अपने खेल का मजा लेते रहता हूं। मेरे लिए भारत के लिए खेलने से बड़ा कुछ भी नहीं।

**हमेशा से फास्ट बॉलिंग पसंद** – बुमराह ने कहा, मैं हमेशा से तेज गेंदबाजी ही करना चाहता था, मुझे हाई स्कोरिंग मैच पसंद नहीं। चौके-छक्के देखना भी ज्यादा पसंद नहीं। मैंने किसी एक बॉलर को देखकर नहीं सीखा, टीवी पर कोई भी बॉलर अच्छी बॉलिंग करता तो वो मुझे पसंद आ जाता था।

**मम्मी की नींद के कारण यॉर्कर डालना सीखा** – बुमराह ने अपनी यॉर्कर के बारे में बताते हुए कहा, यॉर्कर फेंकने की आदत मुझे घर में बॉलिंग करते हुई लगी। भारत में गर्मियों का मौसम बहुत तेज रहता है, पेरेंट्स अपने बच्चों को घर से बाहर निकलने नहीं देते। मुझमें शुरू से ही बहुत एनर्जी रहती थी, लेकिन मेरी मम्मी दोपहर में सो जाया करती थीं। तब मैंने देखा कि अगर में दीवार के निचले कोने पर बॉल मारूंगा तो आवाज नहीं आएगी। ताकि मैं मां को परेशान किए बिना ही बॉलिंग भी कर सकूं। मुझे नहीं पता था कि ऐसा करने से मेरी यॉर्कर सही टप्पे पर जाएगी, लेकिन ऐसा होने लगा।

**कनाडा जाना चाहता था लेकिन जॉन राइट ने आईपीएल में बुला लिया** – बुमराह ने बताया कि वह कनाडा में अपने अंकल के घर जाकर पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहते थे। फिर 2013 में मुंबई इंडियंस के कोच जॉन राइट गुजरात में अक्षर पटेल को देखने आए। तभी उन्होंने मलिंगा जैसे स्लिंगी बॉलिंग एक्शन वाले बुमराह को बॉलिंग करते हुए देख लिया। अगले ही ऑक्शन में टीम ने स्लिंगी बॉलर को खरीद लिया और बुमराह ने भी विराट कोहली के रूप में पहला विकेट लेकर खुद को साबित कर दिया।

# द्रविड़ बोले- इंग्लैंड के खिलाफ बतौर बल्लेबाज खेलेंगे राहुल

**भारतीय कोच ने कहा- बतौर विकेटकीपर भरत-जुरेल में से एक को मौका, 25 से पहला टेस्ट**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि केएल राहुल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज में विकेट कीपिंग नहीं करेंगे। उन्हें प्लेइंग इलेवन में बतौर बैटर शामिल किया जाएगा। द्रविड़ ने मंगलवार को कहा, हम राहुल की



भूमिका के बारे में पहले से स्पष्ट हैं। राहुल ने साउथ अफ्रीका में शानदार खेला और सीरीज ड्रॉ कराने में बड़ी भूमिका निभाई। हमने 2 अन्य विकेटकीपर्स को टीम में चुना है, उन्हीं में से किसी एक को मौका मिलेगा।

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से शुरू हो रही है। सीरीज के पहले 2 मुकाबलों के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम में केएल राहुल सहित दो विकेट कीपर केएस भरत और ध्रुव जुरेल को जगह दी गई है।

**भरत डेब्यू कर चुके, जुरेल पहली बार भारतीय टीम में चुने गए** – घरेलू टेस्ट सीरीज में केएस भरत और ध्रुव जुरेल में से किसी एक को प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है। भरत टेस्ट में डेब्यू कर चुके हैं। जुरेल पहली बार किसी फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए सिलेक्ट हुए हैं। भरत ने 2023 के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला था। ऐसे में वह टेस्ट सीरीज से वापसी कर सकते हैं। भरत अब तक खेले पांच टेस्ट में 18.42 की औसत से 129 रन बनाए हैं। वहीं जुरेल ने 15 फर्स्ट क्लास मैचों में 46.47 की औसत से 790 रन बनाए हैं। जिनमें एक शतक और पांच फिफ्टी शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 249 रहा।

### मार्च तक भारत में रहेगी इंग्लैंड टीम

इंग्लैंड मेंस क्रिकेट टीम मार्च तक भारत में रहेगी। टीम को धर्मशाला में 7 से 11 मार्च तक सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट खेलना है। 25 जनवरी को पहले टेस्ट के बाद 2 से 6 फरवरी तक दूसरा टेस्ट, 15 से 19 फरवरी तक तीसरा टेस्ट, 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट और 7 से 11 मार्च तक पांचवां टेस्ट मैच खेला जाएगा।

### विराट कोहली शुरुआती 2 टेस्ट नहीं खेलेंगे

भारत से विराट कोहली ने भी सीरीज के शुरुआती 2 टेस्ट से अपना नाम वापस ले लिया है। वह निजी कारणों से टेस्ट खेलने के लिए अवेलेबल नहीं रहेंगे। उनकी जगह केएल राहुल नंबर-4 पर बैटिंग कर सकते हैं। वहीं स्क्वॉड में रजत पाटीदार, साई सुदर्शन और सरफराज खान में से किसी एक को चुना जा सकता है।

# इंग्लिश स्पिनर शोएब बशीर को नहीं मिला भारत का वीजा

**टीम हैदराबाद पहुंची, 20 साल के अनकैप्ड बॉलर यूएई में ही अटके**

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर वीजा नहीं मिलने के कारण अब तक भारत नहीं पहुंच सके। टीम के बाकी प्लेयर्स ने 21 जनवरी को हैदराबाद पहुंच कर प्रैक्टिस शुरू कर दी है। बशीर अब भी श्व में ही हैं, श्वष्टक्चने उनके वीजा की दिक्कतों के बारे में क्चष्टष्ठ से मदद मांगी है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा। 20 साल के बशीर ने अब तक इंग्लैंड के लिए डेब्यू नहीं किया है, उनके पहले टेस्ट में डेब्यू करने की संभावनाएं हैं।

**पाकिस्तानी पेरेंट्स के कारण वीजा में देरी हुई** – इंग्लैंड टीम ने भारत में टेस्ट सीरीज से पहले यूईए के अबू धाबी में ट्रेनिंग की। सपोर्ट स्टाफ और टीम के बाकी खिलाड़ी रविवार को ही भारत पहुंच गए, लेकिन बशीर अब भी यूएई में ही हैं। उनका पेपरवर्क अब तक खत्म नहीं हुआ है, उनके माता-पिता पाकिस्तान से हैं, माना जा रहा है कि इसी कारण उन्हें वीजा मिलने में देरी हो रही है। बशीर के साथ इंग्लैंड टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर स्टुअर्ट हूपर भी रुके हुए हैं। हूपर ने कुछ दिन पहले ही इंग्लैंग क्रिकेट टीम को जॉइन किया था।

**मैक्कुलम बोले- बशीर के जल्द भारत आने की उम्मीद** – इंग्लैंड टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने कहा, ईसीबी ने मामले के बारे में भारत सरकार और बीसीसीआई को बता दिया है। उम्मीद है कि 24 घंटे के अंदर प्रोब्लम सॉल्व हो जाएगी। मैनेजमेंट को उम्मीद है कि बशीर के साथ डैन लॉरेंस भी मंगलवार तक भारत आ जाएंगे। लॉरेंस को स्क्वॉड में हैरी ब्रूक की जगह चुना गया है। ब्रूक ने पारिवारिक कारणों के चलते सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया। वह यूएई से ही इंग्लैंड लौट गए। लॉरेंस इस दौरान यूएई में ही डेजर्ट वाइपर्स टीम के लिए आईएलटी 20 खेल रहे थे।

**बशीर सीरीज में डेब्यू कर सकते हैं** – इंग्लैंड टीम ने बशीर के बिना ही प्रैक्टिस करनी शुरू कर दी। टीम हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही है। मैक्कुलम ने कहा कि शोएब बशीर पहले टेस्ट में सिलेक्शन के लिए अवेलेबल रहेंगे। वह सीरीज में टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं, क्योंकि वह टीम के एकमात्र फुलटाइम ऑफ स्पिनर हैं।

# 23 फरवरी को शुरू होगा विमेंस प्रीमियर लीग

**● सीजन–1 की फाइनलिस्ट मुंबई–डीसी के बीच पहला मुकाबला ● बेंगलुरु–दिल्ली में होंगे सभी 22 मैच**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का शेड्यूल घोषित हो चुका है। 23 फरवरी को सीजन-1 की फाइनलिस्ट मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच ओपनिंग मैच होगा। 15 मार्च को एलिमिनेटर और 17 मार्च को फाइनल खेला जाएगा। डब्ल्यूपीएल के सभी 22 मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे। दोनों ही शहरों में 11-11 मैच खेले जाएंगे।

**शाम 7-30 बजे से शुरू होंगे सभी मुकाबले** – डब्ल्यूपीएल के सीजन-2 में 23 फरवरी से 4 मार्च तक शुरुआती 11 मुकाबले बेंगलुरु होंगे। इसके बाद 5 से 17 मार्च तक बाकी 11 मुकाबले दिल्ली में खेले जाएंगे। एक दिन में एक ही मैच होगा और सभी मुकाबले शाम 7-30 बजे से शुरू होंगे।13 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच दिल्ली में आखिरी लीग मैच होगा। 14 और 16 मार्च को एक-एक दिन का ब्रेक रहेगा।



जबकि 15 मार्च को एलिमिनेटर और 17 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

**टॉप पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल खेलेगी** – डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन में भी 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 लीग मैच खेलेंगी। लीग स्टेज खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम के बीच दिल्ली में एलिमिनेटर खेला जाएगा। इसे जीतने वाली टीम 17 मार्च को पहले नंबर पर रहने वाली टीम के खिलाफ फाइनल खेलेगी।

**मुंबई ने दिल्ली को हराकर जीता था सीजन–1 का खिताब** – विमेंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन 2023 में 4 से 26 मार्च के बीच खेला गया। मुंबई इंडियंस ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता था। मुंबई की कप्तानी हरमनप्रीत कौर और दिल्ली की मेग लेनिंग ने की थी। पहले सीजन में 5 टीमों ने हिस्सा लिया था, दूसरे सीजन में भी 5 ही टीमें हिस्सा लेंगी।

**एक ही राज्य में कराना चाह रहा था बीसीसीआई** – रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन को एक ही राज्य के अलग-अलग स्टेडियम में करवाना चाह रहा था। क्योंकि एक ही राज्य में मैच होने से मैनेजमेंट आसानी से हो जाता है। बीसीसीआई ने महाराष्ट्र और गुजरात के 2 ऑप्शन निकाले थे। लेकिन मुंबई में सीजन-1 के सभी मैच खेले गए, इसलिए इस बार उसे मेजबानी नहीं दी जा रही। जबकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दर्शक क्षमता टूर्नामेंट के लिए कुछ ज्यादा ही हो जाती। इसलिए बीसीसीआई ने इन दोनों स्टेडियम को ड्रॉप किया और आखिर में दिल्ली और बेंगलुरु पर सहमति बना ली।



# आज के समाज में रावण ही ज्यादा मिलेंगे, राम नहीं

**जोधा अकबर के शरीफुद्दीन हुसैन से लेकर चेन्नै एक्सप्रेस के आइकॉनिक थंगबली तक, एक्टर निकितिन धीर ने पर्दे पर कई नेगेटिव किरदारों को यादगार बनाया है। अब वह छोटे पर्दे पर धारावाहिक श्रीमद् रामायण में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इसी सिलसिले में हमने निकितिन से उनके करियर, एंटी हीरो के चलन, किरदारों के चयन आदि पर की खास बातचीत**

**रावण से पहले भी आपने कई नेगेटिव किरदार निभाए हैं। बार-बार नकारात्मक किरदार चुनने की क्या वजह है? क्या आपको लगता है कि आप ऐसे किरदारों में बंध गए हैं?**

नहीं, हम ऐक्टर हैं, हमारे लिए ये सब अलग किरदार हैं। अभी तो आप देखिए, जैसी फिल्में बन रही हैं, हमारे हीरोज भी नेगेटिव रोल कर रहे हैं। हमारा समाज ही ऐसा हो गया है जहां अब आपको राम जैसा कोई दिखना बहुत मुश्किल हो गया है। यह रावण ज्यादा मिलेंगे। आप केजीएफ 2 देख लीजिए, वो रावण है। ये बात उसने खुद कही है। पुष्पा देखिए, वो नेगेटिव ही है, लेकिन लोग उसे फॉलो कर रहे हैं। एनिमल देखिए, ये हमारे समय का अक्स है, इसी को तो कलयुग कहते हैं।

**सिनेमा में जो ये एंटी हीरो का चलन चल पड़ा है, इसकी आलोचना भी हो रही है। आपकी इसे लेकर क्या राय है?**

ये हमेशा से रहा है। आप देखेंगी तो अमिताभ बच्चन सर का करियर ही एंटी हीरो पर आधारित था। वह और सलीम-जावेद इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एंटी हीरोज के जन्मदाता थे। एक ऐसा नायक, जो गाना नहीं गाता, डांस नहीं करता, जिसकी जिंदगी में कोई लड़की नहीं होती लेकिन बहुत सारे लोगों ने उनसे रिलेट किया। इसी तरह से हमारी जो रामायण हैं, उसमें राम भी हैं, रावण भी है। दोनों किरदार कहीं न कहीं समान हैं लेकिन एक परिस्थिति में दो लोग बहुत अलग तरह से रिएक्ट करते हैं, उसी से एक राम बन जाता है और एक रावण।

**आपके पापा पंकज धीर ने महाभारत में कर्ण की यादगार भूमिका निभाई थी। अब आप रामायण में रावण बने हैं। इसके लिए उनसे कोई सलाह ली?**

नहीं, मैंने हमेशा अपने करियर के फैसले खुद लिए हैं। मेरे पापा की यह खासियत रही है कि उन्होंने हमेशा मुझे ये आजादी दी है कि मैं जो चाहूं कर सकूं, जैसे चाहूं रह सकूं। उनका ये अप्रोच रहा है कि अपनी गलतियां करो, उससे सीखो, अपनी जर्नी खुद तय करो। हालांकि, जब भी मुझे जरूरत महसूस होती है तो मैं उनसे सलाह लेता हूं, वरना वो हमेशा यही कहते हैं कि तू सही ट्रैक पर है। जो तू कर रहा है, करता जा।

**रोहित शेट्टी के साथ आपने चेन्नै एक्सप्रेस, सूर्यवंशी, सर्कस जैसी कई फिल्में की हैं। उनके साथ आपका रिश्ता कैसे मजबूत हुआ है?**

वह मेरे बड़े भाई हैं, मेरे गुरु भी हैं। मैंने उनको गुरु की पदवी दी है। यह शो शुरू होने से पहले मैंने सिर्फ उन्हीं को एक मेसेज किया कि भाई मैं ये शो शुरू कर रहा हूं। उन्होंने बहुत आशीर्वाद दिया। मैं उनको दिल से गुरु मानता हूं। उनसे मेरा एक अलग ही रिश्ता है। जब तक मैं इस इंडस्ट्री में हूं, वो रिश्ता तो रहेगा।



## आर्टिकल 370 में खुफिया अधिकारी की भूमिका में हैं यामी गौतम

**अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म आर्टिकल 370 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में यामी एक खुफिया अधिकारी की भूमिका में हैं, जो घाटी से धारा 370 के विशेष विशेष दर्जा हटाने की कहानी पर आधारित है। शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का टीजर रिलीज किया, जिसमें यामी घाटी में पनपे आतंकवाद को खत्म करने की कोशिश कर रही हैं।**

शुक्रवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर रिलीज किया, जिसके बाद से ही इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। टीजर में यामी एक तेज तर्रार ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रही हैं, जो टीजर की शुरुआत में कहती है कि कश्मीर में आतंकवाद एक धंधा है, जो आजादी की मांग करने वाले लोगों के लिए भ्रष्ट राजनेताओं द्वारा चलाया जा रहा है। ये भ्रष्ट अधिकारी और राजनेता अपनी जेब गरम करने में लगे हुए हैं। इसके बाद टीजर में जम्मू-कश्मीर को दिया गया विशेष दर्जा वापस लेने का एलान होता है और इसे केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया जाता है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का टीजर जियो स्टूडियोज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। आर्टिकल 370 का निर्देशन आदित्य सुहास जंभाले ने किया है। आदित्य ने इससे पहले 2019 की ब्लॉकबस्टर फिल्म उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक का निर्देशन किया था। बदलापुर, उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक, बाला, ए थर्सडे और चोर निकल के भागा जैसी फिल्मों में दमदार भूमिका निभाने वाली यामी को फैंस खुफिया एजेंट की भूमिका देखने के लिए उत्सुक हैं।

## अदृश्यम सीरीज में नजर आएंगी दिव्यांका त्रिपाठी




दिव्यांका त्रिपाठी अप्लॉज एंटरटेनमेंट की सीरीज अदृश्यम में नजर आएंगी। इस सीरीज के निर्माताओं ने हाल ही में प्रोमो वीडियो जारी किया है, जिसमे दिव्यांका त्रिपाठी एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं।
दिव्यांका त्रिपाठी छोटे पर्दे का जाना माना नाम हैं। अभिनेत्री ने च्ये है मोहब्बतेंच में इशिता भल्ला के किरदार से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। च्कोल्ड लस्सी और चिकन मसालाच के बाद दिव्यांका त्रिपाठी अप्लॉज एंटरटेनमेंट की सीरीज च्अदृश्यमच में नजर आएंगी। इस सीरीज के निर्माताओं ने हाल ही में प्रोमो वीडियो जारी किया है, जिसमे दिव्यांका त्रिपाठी एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। प्रोमो वीडियो की शुरुआत एक मॉल से शुरू होती है, जिसमें दिव्यांका अपनी बेटी के साथ शॉपिंग करती नजर आ रही हैं। वीडियो में बाल कलाकार जारा को देखा जा सकता है। प्रोमो में दिव्यांका एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने सोनी लिव के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से प्रोमो वीडियो फैंस के साथ साझा किया है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, च्हमेशा हमारे आस-पास, लेकिन कभी देखा नहीं, हमारे राष्ट्र के इन गुमनाम रक्षकों से मिलने के लिए तैयार हो जाइए अदृश्यम- द इनविजिबल हीरोच के साथ। जल्द ही सोनी लाइव पर स्ट्रीमिंग होगी।

## दीपिका पादुकोण के हाथ लगा हॉलीवुड प्रोजेक्ट!

**बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उनके हाथ एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट लगा है। वो भी एक वेब सीरीज।**

अगर रिपोर्ट्स सही हैं तो एक्ट्रेस को जल्द ही फेमस टीवी सीरीज द व्हाइट हाउस के तीसरे सीजन में देखा जा सकता है। इसमें वो जेनिफर कूलिज, थियो जेम्स और ऑब्रे प्लाजा जैसे जाने-माने स्टार्स संग स्क्रीन शेयर करती हुई नजर आ सकती हैं। दरअसल, दीपिका पादुकोण की सास अंजू भवनानी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लाइक किया था, जिसके बाद इस तरह के कयास लगने शुरू हुए कि वो द व्हाइट लोटस 3 में हिस्सा लेंगी। द व्हाइट लोटस एक एमी-विनिंग सीरीज है। इसके पिछले सीजन में थियो जेम्स, जेनिफर कूलिज और ऑब्रे प्लाजा जैसे सितारे शामिल थे।





## सलमान खान ने इजिप्शियन अभिनेत्री एस्साद यूनिस को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा

सुपरस्टार सलमान खान बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा स्टार में से एक हैं। उन्होंने इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, इतना ही नहीं उनकी कुल 17 फिल्में 100 करोड़ के क्लब में शामिल होकर एक स्टैंडर्ड सेट किया है। वहीं, सलमान खान की टाइगर 3 ने दुनिया भर में 2023 में 500 करोड़ का बिजनेस किया और सबसे बड़ी हिट फिल्म बनकर सामने आई। हाल ही में खबर आई है कि सलमान खान रियाद, सऊदी अरब में होने वाले जाय अवॉर्ड्स में शामिल होने वाले हैं। दरअसल, सलमान खान को खुद तुर्की अल अल शेख ने खास मेहमान के तौर पर बुलाया है। बता दें कि यह पहली बार नहीं बल्कि दूसरा मौका है जब सलमान खान शिरकत करेंगे। साल 2022 में उन्हें पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर के अवॉर्ड से नवाजा गया था। इस खास मौके पर सुपरस्टार ने इजिप्शियन एक्ट्रेस एस्साद यूनिस को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा। बता दें कि एक्ट्रेस प्रोड्यूसर, राइटर होने के साथ ही एक टीवी पर्सनैलिटी भी हैं।

## थ्रिलर ड्रामा ग्यारह ग्यारह और फॉर योर आइज ओनली में नजर आएंगी कृतिका कामरा

अभिनेत्री कृतिका कामरा अपनी आगामी थ्रिलर ड्रामा ग्यारह ग्यारह और फॉर योर आइज ओनली को लेकर पूरी तरह? से तैयार हैं। इसको लेकर उन्?होंने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा अनुभव है।पिछले साल अभिनेत्री ने बंबई मेरी जान में एक महिला गैंगस्टर की भूमिका निभाकर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया था। अब, वह एक बार फिर सीमाएं लांघने के लिए तैयार हैं।कृतिका ने कहा, मुझे उन परियोजनाओं को चुनने में अत्यधिक संतुष्टि मिलती है जो उम्मीद से अलग होती हैं, ऐसे प्रोजेक्ट जो मुझे लोगों की अपेक्षाओं के दायरे से कहीं आगे ले जाते हैं। इस वर्ष मैं जिन परियोजनाओं पर काम कर रही हूं, विशेष रूप से थ्रिलर, वे मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं जिन थ्रिलर्स का हिस्सा बनने जा रही हूं, वे केवल स्क्रिप्ट नहीं हैं। वे गहन अनुभव हैं जो मुझे चरित्र, भावना और रहस्य की बारीकियों का पता लगाने की चुनौती देते हैं।अभिनेत्री ने आगे बताया कि उनके करियर का यह आगामी अध्याय केवल प्रदर्शन देने के बारे में नहीं है।उन्होंने कहा, यह कहानी कहने की परिवर्तनकारी शक्ति में खुद को डुबोने के बारे में है। यह सीमाओं को आगे बढ़ाने, अपेक्षाओं को धता बताने और मेरी कला के उन आयामों को उजागर करने के बारे में है जिन्हें शायद मैं भी अभी तक पूरी तरह से उजागर नहीं कर पाई हूं। सिख्या एंटरटेनमेंट और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा ग्यारह ग्यारह और इसके साथ ही फॉर योर आइज़ ओनली समीक्षकों द्वारा प्रशंसित स्कैम 92 के निर्माताओं की ओर से है।





## पहली बार आर.माधवन के साथ नजर आएंगे अजय देवगन

अजय देवगन की फिल्म शैतान का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। अजय देवगन ये फिल्म मार्च में लेकर आ रहे हैं। अभिनेता अजय देवगन की आगामी फिल्म शैतान की रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। अजय ने आज सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ रिलीज डेट भी बताई है। ये फिल्म आठ मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अजय देवगन के अलावा फिल्म में आर. माधवन और ज्योतिका भी अहम भूमिका में हैं।

**विकास बहल करेंगे निर्देशन**

यह एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म बताई जा रही है। फिल्म शैतान को दरअसल वश नाम की गुजराती फिल्म का हिंदी रीमेक बताया जा रहा है। अजय देवगन और माधवन की यह फिल्म शैतान नाम से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी विकास बहल ने संभाली है। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। उन्होंने लिखा है, आपकी लिए शैतान आ रही है। आठ मार्च 2024 को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अजय देवगन और आर. माधवन पहली बार साथ में स्क्रीन साझा करते दिखेंगे। अभिनेता अजय देवगन बीते वर्ष फिल्म भोला में नजर आए थे। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेअसर साबित हुई। फिलहाल इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। शैतान के अलावा अजय सिंघम अगेन, रेड 2 और मैदान जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। अजय देवगन की शैतान का फर्स्ट लुक पोस्टर देख यूजर्स जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, अब अजय देवगन डराएंगे। एक अन्य यूजर ने पूछा, ये डरावनी फिल्म है?



# 1084 फ्लैट क्रेताओं की रजिस्ट्री का रास्ता साफ

## सीईओ डा. लोकेश एम की पहल रंग लाई, सात बिल्डर तैयार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सीईओ और बिल्डरों के साथ बैठक से बकायेदार सात बिल्डरों ने 25 प्रतिशत पैसा अथॉरिटी को देकर घर खरीदारों के लिए रजिस्ट्री का रास्ता खोल दिया है। इससे 1084 फ्लैट विक्रेताओं की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है।



नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों ने बताया कि 6 जनवरी को अवस्थापना और आद्योगिक विकास आयुक्त ने लिगेसी स्टाल्ड रियल एस्टेट बिल्डर को अमिताभकांत समिति के तहत लाभ दिया। इसमें बिल्डर को 25 प्रतिशत धनराशि 60 दिन के अंदर भुगतान करने और बाकी 75 प्रतिशत धनराशि का भुगतान साधारण ब्याज के साथ देना है। इस नीति पर आगे बढ़ते हुए सीईओ ने सात और बिल्डरों को राहत दी है। सातों बिल्डर्स की तरफ से कुल धनराशि का 25 प्रतिशत 60 दिन में जमा करवाया जाएगा। बाकी पैसा किस्तों में जमा कराया जाएगा। इसके बाद करीब एक हजार से अधिक फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी। अगर बिल्डरों ने शर्तों का उल्लंघन किया तो लाभ नहीं मिलेंगे। परियोजना पूरी नहीं करने वाले बिल्डरों को 5 साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। आने वाले दिनों में अन्य बकायदार बिल्डर अमिताभकांत समिति के तहत अपना पैसा जमा कर सकते हैं।

लाभ लेने वाली बिल्डर परियोजना के खरीदारों से अतिरिक्त पैसा नहीं वसूल किया जाएगा। इसको शर्तों में शामिल किया गया है। सभी बने हुए फ्लैट और बिना ओसी-सीसी के फ्लैट जिसमें खरीदार रह रहे हैं, उनकी रजिस्ट्री तीन महीने के अंदर हो जाएगी। बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करने के बाद रजिस्ट्री की अनुमति मिल जाएगी। इससे खरीदारों को मालिकाना हक मिलेगा।

# नदारद मिले दो वरिष्ठ प्रबंधक, नोटिस जारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने सेक्टर-19 स्थित प्राधिकरण कार्यालय का अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया। सीईओ के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक नदारद मिले। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने प्राधिकरण के सेक्टर-19 स्थित कार्यालय का वर्क सर्किल-2, 3, 4 एवं 8 का औचक निरीक्षण किया। वर्क सर्किल-3 का निरीक्षण किया इस दौरान वर्क सर्किल में कोई सहायक प्रबंधक एवं प्रबंधक कार्यालय में मौजूद नहीं था। सीईओ ने नदारद अधिकारियों के बारे में पूछा तो पता चला कि अधिकारी साइट का निरीक्षण करने गये हैं। वर्क सर्किल में मौजूद वरिष्ठ प्रबंधक भी सीईओ के सामने निरीक्षण का ब्यौरा व दस्तावेज नहीं रख पाए।

सीईओ ने निरीक्षण के दौरान जब मूवमेंट रजिस्टर मांगा तो पता चला कि कोई रजिस्टार बनाया ही नहीं गया है। कार्यालय के पत्रावलियों का रखरखाव ठीक नहीं था। पूरी बिल्डिंग अस्त-व्यस्त थी। वर्क सर्किल के किसी भी वरिष्ठ प्रबंधक के कार्यालय में योजनाओं से संबंधित बोर्ड भी नहीं लगा था। साथ ही समीक्षा बैठकों में दिये गये निर्देशों का पालन भी नहीं हो रहा था।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने नोएडा के सेक्टर-19 स्थित कार्यालय का निरीक्षण 12 बजे के बाद किया। इस दौरान वर्क सर्किल-4 एवं 8 के वरिष्ठ प्रबंधक कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। न ही किसी कर्मचारी को उनके बारे में कुछ पता था। अधिकारियों के इस रवैये से नाराज सीईओ ने वर्क सर्किल-4 एवं 8 के वरिष्ठ प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। वहीं वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक को भी कड़ी चेतावनी दी।

# 'कांग्रेस नेताओं पर हमलावर गुंडों पर कार्यवाही हो'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर पर असम में हमले के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन गौतम बुध नगर जिलाधिकारी को सौपा।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि भारत जोड़ों न्याय यात्रा हमारे नेता राहुल गांधी जी की नेतृत्व में 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होकर नागालैंड अरुणाचल प्रदेश होते हुए असम में प्रवेश किया लेकिन यात्रा को मिल रहे जन समर्थन से केंद्र व प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार बौखला गई असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा खुलेआम मीडिया के सामने यात्रा को रोकने की धमकी दे रहे हैं उसी के परिणाम स्वरूप 21 जनवरी को भाजपा के गुंडो द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर




हमला किया गया और रोकने का प्रयास किया जिसमें हमारे असम के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता घायल हो गए और स्टीकर फाड़े गए यहां तक की राहुल गांधी जी को भी रोकने का प्रयास किया साथ ही असम सरकार द्वारा राहुल जी को शंकर जी के दर्शन करने से रोका गया जिसकी कांग्रेस घोर निंदा करती है और मांग करती है ऐसे गुंडो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष विनोद पांडे जिला उपाध्यक्ष राम भरोसे शर्मा महानगर उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा जिला महासचिव मुकेश शर्मा जिला महासचिव सर्वेश शर्मा जिला महासचिव गौरव लोहिया जिला महासचिव कपिल भाटी पीसीसी सदस्य सोनू प्रधान रिजवान चौधरी पीसीसी सदस्य जितेंद्र चौधरी महानगर उपाध्यक्ष रमेश यादव,कोषाध्यक्ष रामकुमार शर्मा,जिला उपाध्यक्ष बॉबी प्रधान ओबीसी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र भाटी सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष हेमचंद नागर यूथ के दादरी विधानसभा अध्यक्ष जीतू पंडित जिला सचिव संजय भूमिहार जिला सचिव विक्की गौतम, परमवीर लोहिया,एडवोकेट नीरज लोहिया संदीप भाटी अभिषेक शर्मा पवन शर्मा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# प्रवेश चौहान बने आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट, सुपर एमईजी सेक्टर 93 में कल शांति पूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में 3 टीम रही जिसमें प्रवेश चौहान की पूरी टीम विजय हुई। चुनाव में कुल 4700 वोट पड़े जहां निवासियों ने 3 पैनलों में से 9 मेंबरों की टीम को वोट दिया। एक पैनल में सिर्फ़ 7 लोग ही रहे। वहीं दूसरे दो पैनलों में 9 लोगो की पूरी टीम रही।

प्रवेश चौहान की टीम को 2713 वोट पड़े। वहीं दूसरी टीम को सिर्फ़ 1031 और तीसरी टीम को 954 वोट पड़े। विजयी पैनल की पूरी टीम को एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट के निवासियों एक तरफ़ा वोट देकर पैनल को जिता दिया।

आपको बता दें इस सोसाइटी की आरडब्ल्यूए पिछले 2 सालों से कालातीत थी क्योंकि पिछली आरडब्ल्यूए कमिटी चुनाव करने में असमर्थ रही साथ ही



उन्होंने ना कोई वित्तीय ऑडिट कराया और ना ही कोई ऑडिट डिप्टी रजिस्ट्रेट मेरठ को भेजा, जिसके कारण निवासी 2 साल से परेशान थे और चुनाव कराने और पूर्व आरडब्ल्यूए के ख़िलाफ़ कार्यवाही की माँग कर रहे थे। उसके बाद डिप्टी रजिस्ट्रेट मेरठ ने संज्ञान लेते हुए डीएम को चुनाव कराने के आदेश दिये।

# एनईए की समस्याओं पर डीएम ने दिया समाधान का आश्वासन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर में जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया । विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में नौएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने कई समस्याएं रखीं।



उपरोक्त समस्याओं को सुनने के पश्चात जिलाधिकारी ने कहा कि मैसर्स सिंगारी पेपर कन्वर्टर की संमस्या का निदान करने हेतु निबंधन विभाग कोपत्र प्रेषित कर दिया जाएगा। सड़कों की मरम्म्त तथा खाली भूखंडों की सफाई से संबधित कार्य शुरू करवा दिया गया है। किराया अनुमति तथा मैंटीनेंस चार्जेज कम करने के संबध में कहा कि यह पालिसी से संबधित मामला है इस संबध में संबधित विभाग में पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा। इस संबध में संबधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क मरम्मत हेतु टेंडर जारी हो चुके है। जिलाधिकारी महोदय ने ईएसआईसी के अधिकारियों को शीध्र चिकित्सा सुविधाओं को अपग्रेट करने के निर्देश दिए।

बैठक में एनईए के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, वरि0 उपाध्यक्ष मुकेश कक्कड, राकेश कोहली, कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन, उपाध्यक्ष मोहन सिंह,सचिव राजन खुराना, मयंक गुप्ता,संयु0 कोषाध्यक्ष सदीप विरमानी, श्रीमती छाया सिन्हा, संजीव बांदा, राजेश श्रीवास्तव उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी सुधीर श्रीवास्तव, राकेश कोहली आदि मौजूद थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल ने मनाया पराक्रम दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएवी पब्लिक स्कूल में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस)




के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने नेता जी की ओजस्वी व्यक्तित्व का परिचय देते हुए कार्यक्रम का आरंभ किया।

पराक्रम दिवस पर नेता जी की विशेषताओं से संबंधित कविता वाचन किया गया। तदुपरांत सुप्रसिद्ध उत्साह वर्द्धक गीत 'कदम कदम बढ़ाए जा' गाकर नेता जी को उनके त्याग के प्रति छात्र नत मस्तक हुए। छात्रों ने उनके क्रांतिकारी कार्यों से संबंधित लघुनाटिका को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का समापन करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चित्राकांत एवं जूनियर वर्ग की संचालिका श्रीमती रेणु छिब्बर ने नेता जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने नेता जी के जीवन से देश प्रेम, त्याग व कर्तव्य निष्ठा जैसे महान गुण अपनाने की सलाह दी। विद्यालय में ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति छात्रों में सजगता, सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने में सफल भूमिका निभाते हैं।

# गैंगस्टर राजू पंडित की एक करोड़ की संपत्ति पुलिस ने की अपने कब्जे में

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के हाईटेक शहर नोएडा में नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। फरार चल रहे माफियाओं को पकड़ने के लिए प्रयास तो किए ही जा रहे हैं, साथ ही अपराध करके अर्जित की गई संपत्ति को भी नोएडा पुलिस अपने कब्जे में ले रही है। इसी के तहत नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने गैंगस्टर राजू पंडित उर्फ राजेंद्र की करीब एक करोड़ की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है।

आपको बता दें कि पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी के तहत मंगलवार, 23 जनवरी को पुलिस आयुक्त न्यायालय द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के अंतर्गत अभियुक्त राजू पंडित उर्फ राजेन्द्र पुत्र तेजप्रकाश निवासी धूममानिकपुर थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर के द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई अचल संपत्ति, फ्लैट नंबर 359 टावर बी3 लैंड क्राफ्ट सोसायटी गाजियाबाद (क्षेत्रफल 130.53 वर्ग मीटर) को कुर्क किया गया। कुर्क की गई संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 1,04,56,220 रुपये है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर नोएडा पुलिस अलर्ट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे जनपद गौतमबुद्धनगर में नोएडा कमिश्नरेट की पुलिस अचानक से सड़कों पर उतर आई। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के मॉल, शापिंग कांप्लेक्स समेत तमाम जगहों पर सर्च आपरेशन चलाया गया। डॉग स्क्वायड व एलआईयू टीम के साथ सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। मॉल और शापिंग कॉम्प्लेक्सों में काम करने वाले स्टॉफ को सतर्कता के साथ काम करने की हिदायत भी दी गई।





दरअसल, दो दिन बाद पूरे देश में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस को लेकर पूरे यूपी की पुलिस अलर्ट मोड पर है तथा संदिग्धों की तलाश की जा रही है। इसी के तहत मंगलवार की रात नोएडा पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आगामी गणतन्त्र दिवस की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के अंतर्गत लॉजिक्स मॉल, सिटी सेन्टर मैट्रो स्टेशन पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था शिवहरि मीणा, अपर पुलिस आयुक्त/डीसीपी नोएडा हरीश चन्दर, डीसीपी यातायात अनिल कुमार तथा थाना सेक्टर 24 पुलिस फोर्स, बीडीडीएस टीम, डॉग स्क्वायड व एलआईयू टीम के साथ सघन चैकिंग अभियान चलाया गया तथा मॉल के स्टॉफ को सतर्कतापूर्वक डयूटी करने व संदिग्ध लगने वाले व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया।




# नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के हजारों लोग मिलेंगे प्रधानमंत्री से

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के हजारों लोगों को जल्दी ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का मौका मिलेगा। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खास कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा शहर से लगी हुई जेवर विधानसभा सीट के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने घोषणा की है कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा जेवर क्षेत्र के हजारों नागरिक 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के पास स्थित बुलंदशहर जिले में आ रहे हैं। बुलंदशहर में पीएम मोदी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हजारों करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण करेंगे। साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी बुलंदशहर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस जनसभा में भाग लेने के लिए नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के हजारों नागरिक बुलंदशहर की जनसभा में जाएंगे। इस जनसभा में नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुलंदशहर में होने वाली जनसभा के लिए जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र सिंह विशेष तैयारी में लगे हुए हैं। जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ए क लिखित बयान जारी करके बताया है कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को बुलंदशहर के चोला चौकी में एक विशाल जनसभा कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में जनता को अपनी सरकार की विकास योजनाओं, उपलब्धियों और लक्ष्यों के बारे में बताएंगे। वे उत्तर प्रदेश के लोगों को भाजपा के नेतृत्व में राज्य की उन्नति और समृद्धि के लिए आश्वस्त करेंगे।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए जनपद बुलंदशहर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 22 जनवरी 2024 को देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम उनके कर कमलों से हुआ और उसके 2 दिन पश्चात उनका उत्तर प्रदेश की भूमि में आगमन से जनता में भारी उत्साह है। उन्होंने अपनी विधान सभा के समस्त मण्डल की टीम से समन्वय कर हजारों की तादात में लोगों को जनसभा तक पहुंचाने का प्रबंध किया है। धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि इस जनसभा में किसानों के साथ-साथ नौजवानों की भी भारी मात्रा में उपस्थिति दर्ज होगी। उन्होंने आशा जताई कि जेवर से बसें, निजी वाहन और 500 ट्रैक्टर के अलावा लोग अपने साधनों से भी जनसभा में शिरकत करेंगे। अनुमान तो यह है कि 2.50 लाख से 3 लाख लोग मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम स्थल जेवर विधानसभा के निकट होने के कारण भारी भीड़ जुटने का अनुमान होने के कारण जनसभा के लिए व्यवस्थाओं को भी चाक-चौबंद किया गया है।

आपको यह भी बता दें कि 25 जनवरी को बुलंदशहर में होने वाले पीएम मोदी के कार्यक्रम को लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज भी माना जा रहा है। प्रधानमंत्री बुलंदशहर से पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को एक साथ संबोधित करके एक प्रकार से लोकसभा चुनाव 2024 का विधिवत शंखनाद कर देंगे। अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के बाद 25 जनवरी को पीएम मोदी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ तथा हापुड़ आदि जिलों से लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे।